卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की 卐卐श्याम बाबा卐卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः। आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम्। वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 320 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦1 सितम्बर 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## जिन्दगी की जंग लड़ने के लिए खुद में साहस और ज्ञान विकसित करें: धनखड़

देहरादून (उद संवाददाता)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने देहरादून स्थित राष्ट्रीय भारतीय सैन्य महाविद्यालय के कैडेट्स से आग्रह किया कि वे अपने संस्थान के आदर्श- बल विवेक को चरितार्थ करें और ताकत और ज्ञान विकसित करें ताकि वे जीवन की बड़ी जंग को लड़ सकें। उन्होंने कहा, ''ताकत और विवेक एक मजबूत संयोजन बनाते हैं जो चुनौती का सामना करने पर अभेद्यता उत्पन्न करता है।'' राष्ट्र के हित को सभी परिस्थितियों में सबसे ऊपर रखने की आवश्यकता पर बल देते हुए, उपराष्ट्रपति ने कहा, ''देश की सेवा गर्व और निर्भीकता के (शेष पृष्ठ सात पर)



## किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी भाजपा मण्डल अध्यक्ष गिरफ्तार

### संगठन ने पार्टी से किया निष्कासित

अल्मोड़ा (उद संवाददाता) ।दुष्कर्म के आरोपी सल्ट के भाजपा मंडल अध्यक्ष भगवत सिंह बोरा को देर रात पुलिस ने मरचूला रोड से गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी देवेंद्र पींचा ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेजने की कार्रवाई की जायेगी।बता दें बीते दिनों किशोरी अपने दो भाईयों के साथ बकरी चराने के लिए गई थी। इसी दौरान वहां भाजपा मण्डल अध्यक्ष डंगूला निवासी भगवत सिंह बोरा पहुंचा। तहरीर में परिजनों ने बताया कि भगवत सिंह बोरा ने किशोरियों के भाईयों को चॉकलेट देकर वहां से दूसरी जगह भेज दिया। किशोरी के भाईयों को वहां से भेजने के बाद उसने नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया और वहां से फरार हो गया। किशोरी ने फोन कर इसकी जानकारी अपने परिजनों को दी। जिसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे और उसे घर लेकर गए। परिजनों का कहना है कि घटना के बाद से आरोपी लगातार उन्हें धमकी दे रहा था और समझौता करने को कह रहा था। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। (शेष पृष्ठ सात पर)

## मुर्गे की टांग तोड़ महिला को दौड़ा दौड़ा कर पीटा

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। दबंग लोगों ने पालतू मुर्गे की टांग तोड़ने के बाद इसका विरोध कर रही महिला को दौड़ा दौड़ा कर उसकी बेरहमी पिटाई कर दी। पीड़िता ने एसएसपी से न्याय की गुहार लगाई है। एसएसपी कार्यालय में दिए शिकायती पत्र में लक्ष्मी पत्नी सुरेश सिंह निवासी मझरा खुशहालपुर बाजपुर ने कहा है कि उसके पलेरू मुर्गे की टॉग 16 अगस्त की सॉय पड़ोस के कुछ लोगों ने तोड़ दी। जिसका विरोध किया तो उक्त लोगों ने उसे गालियों दी और नीचे गिराकर लाठी, डण्डो व लात घूसो से मारा पीटा। जिससे उसे कई चोटें आई।किसी तरह बन्नाखेडा पुलिस चौकी में आने से लाठी डण्डे लेकर व मोटर साईकिल से उसका पीछा किया रिर्पोट करने से रोका। फिर (शेष पृष्ठ सात पर)



## खटीमा गोलीकाण्ड की बरसी पर शहीदों को किया नमन

खटीमा (उद संवाददाता)। खटीमा गोलीकांड की 30वीं बरसी पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शहीद स्थल, खटीमा में आयोजित कार्यक्रम में राज्य आंदोलनकारी शहीदों की मूर्तियों पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की । इस दौरान राज्य आंदोलनकारी शहीदों के परिजनों को सम्मानित भी किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने धामी ने कहा कि राज्य आंदोलनकारियों के लंबे संघर्ष एवं बलिदान के कारण ही हमें पृथक राज्य उत्तराखण्ड प्राप्त हुआ। तत्कालीन सरकारों ने राज्य आंदोलनकारियों पर बर्बरता की सभी सीमाएं पार कर दी थी, जिसकी पीड़ा आज भी सभी उत्तराखण्डियों के हृदय में है। धामी ने कहा कि हमारी सरकार ने राज्य आंदोलनकारियों से किए गए वादे को पूरा किया और उन्हें एवं उनके आश्रितों को सरकारी नौकरियों में 10% क्षैतिज आरक्षण प्रदान किया है। हम राज्य आंदोलनकारियों के स्वप्न के अनुरूप नव्य-दिव्य उत्तराखण्ड के निर्माण हेतु प्रतिबद्धता से कार्य कर रहे हैं। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। वहीं सीएम धामी ने रविवार को लोहिया हेड रोड रंगोली मंडप में अनुसूचित जाति के युवाओं के साथ एक संवाद कार्यक्रम में भी भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अनुसूचित जाति के लोगों की समस्याएं सुनी उनके साथ वार्ता की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उनका प्रयास है कि समाज का हर वर्ग प्रदेश एवं देश के विकास में एक साथ अपना योगदान दे मुख्यमंत्री ने कहा कि (शेष पृष्ठ 7 पर)



## तीन साल के मासूम बच्चे की करंट से मौत

सितारगंज (उद संवाददाता)। घर में बिजली के पंखे से करंट लगने के कारण 3 साल के मासूम की मौत हो गई। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। परिजन बच्चे शव को घर ले गए। नगर के गणेश मंदिर वार्ड 8 निवासी 3 वर्षीय आयांश पुत्र जगदीश रविवार की सुबह घर में खेल रहा था। तभी अचानक बिजली का करंट लग गया। जिससे घर में चीख पुकार मच गई। परिजन (शेष पृष्ठ सात पर)

## एक और दुष्कर्म, दुग्ध संघ अध्यक्ष पर लगे आरोप

### स्थाई नौकरी दिलाने के नाम पर महिला का यौन शोषण, पुलिस जांच में जुटी

लालकुंआ (उद संवाददाता)। देवभूमि को शर्मसार करने वाला एक और मामला सामने आया है। नैनीताल दुग्ध संघ के अध्यक्ष मुकेश बोरा पर एक महिला ने दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगायी है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया है। सल्ट में भाजपा मण्डल अध्यक्ष के बाद अब दुग्ध संघ अध्यक्ष पर दुष्कर्म के आरोप का मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। नैनीताल दुग्ध संघ अध्यक्ष पर उनकी ही फैक्ट्री में कार्यरत एक विधवा महिला ने दो साल से शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाया है । आरोप है कि महिला को जान से मारने की धमकी भी दी गयी। महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि वर्ष 2021 में दुग्ध संघ अध्यक्ष के पास लाल कुआं कार्यालय में नौकरी मांगने के लिए गई थी। उन्हें आउटसोर्स के माध्यम से दैनिक वेतभोगी के आधार पर नौकरी पर रख लिया गया। महिला ने कहा कि उन्हें आश्वासन दिया कि वह उन्हें स्थाई नौकरी पर रख देंगे इसलिए अध्यक्ष ने उसका नंबर भी ले लिया। 10 नवंबर 2021 को उन्होंने फोन करके काठगोदाम के एक होटल में बुलाया और स्थाई नौकरी के लिए किसी से मिलवाने की बात कही। महिला के मुताबिक जब वह होटल में गयी तो उसके साथ अध्यक्ष ने जोर जबरदस्ती की उसकी मर्जी के बिना शारीरिक सम्बंध बना लिये। इसके बाद कई बार उसके साथ दुष्कर्म किया गया। महिला का आरोप है कि अध्यक्ष ने अपने दोस्तों के साथ भी शारीरिक सम्बंध बनाने का दबाव बनाया। महिला का आरोप है कि(शेष पृष्ठ सात पर)

## बाइक सवार बदमाशों ने महिला बैंक कर्मी के गले से झपटी चेन

रूद्रपुर। शहर में उचक्कों का आतंक थम नहीं रहा है। गंगापुर रोड पर बाइक सवार उचक्कों ने दिनदहाड़े एक और घटना को अंजाम देकर पुलिस को खुली चुनौती दे डाली। बाइक सवार बदमाशों ने स्कूटी पर जा रही महिला बैंक कर्मी को निशाना बनाकर चलती स्कूटी से महिला के गले से चेन छीन ली और फरार हो गये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दक्ष चौराहे के पास रहने वाली महिला बैंक कर्मी विभाग गिरी पत्नी अजय गिरी शनिवार शाम बैंक बंद होने के बाद स्कूटी से वापस घर लौट रही थी। सेंट मेरी स्कूल के पास पीछे से आ रही बाइक में पीछे बैठे व्यक्ति ने गले से सोने की चेन झपट ली और फरार हो गये। चेन झपटने के दौरान स्कूटी असंतुलित हो गयी और महिला गिरते गिरते बाल बाल बची। सूचना पर पुलिस टीम ने मौका मुआयना किया और आस पास के सीसी टीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फिलहाल बदमाशों का कोई सुराग नहीं मिला है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर आठ लाख हड़पे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एक महिला द्वारा अपने पति के साथ मिलकर सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर एक महिला से आठ लाख रूपये हड़प लिए। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। दर्ज रपट में मीना देवी पत्नी आन सिंह निवासी हंस विहार कालोनी भूरारानी रूद्रपुर ने नीरज पत्नी रामपाल व उसके पति रामपाल पुत्र रग्गन सिंह उर्फ चरन सिंह निवासीगण सीओडी लेवर कालोनी, ज्वालानगर जिला रामपुर के विरूद्ध आरोप लगाते हुए कहा है कि बहन कमला बिष्ट के माध्यम से उसका परिचय नीरज पत्नी रामपाल से हुआ। नीरज ने कहा कि उसके पति रामपाल का कई रसूकदार व्यक्तियों से मेल जोल है। उनकी मदद से रामपाल ने कई व्यक्तियों को उच्च पदों पर सरकारी नौकरी में लगवाया है। यदि तुम्हारे परिवार एवं रिश्तेदारी में कोई बेरोजगार नौजवान है तो वह उसे अच्छी नौकरी दिलवा सकते है। जिसमें लगभग पांच लाख रूपये का खर्च होता है। पति रामपाल अपनी जिम्मेदारी से पैसे लेकर फार्म भरवाते है और फिर सांठ-गांठ कर अंक तालिका में फेर बदल कर ज्यादा अंक दिलवा कर लोगो को परीक्षा में पास करवा देते हैं। जिससे अच्छी नौकरी मिल जाती है। नीरज की झूठी बातो में आकर अपने बेटे रविन्द्र धामी की नौकरी दिलवाने के लिये राजी हो गई । तब रामपाल ने स्वंय अपनी ई-मेल आईडी से रविन्द्र धामी का उत्तराखण्ड पब्लिक सर्विस कमीशन का फार्म भरा और स्वंय ही अपनी ईमेल आईडी से परीक्षा प्रवेश पत्र (शेष पृष्ठ सात पर)

## गाड़ी दिलाने के नाम पर 7.65 लाख की ठगी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। लोन पर खिची हुई गाड़ी सस्ते में दिलाने के नाम पर एक व्यक्ति से 7.65 लाख रूपये ठग लेने का मामला सामने आया है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दर्ज रपट में शमशेर सिंह पुत्र जसपाल सिंह निवासी एलायंस किंग्स्टन रूद्रपुर ने आशीष पुत्र रामअवतार निवासी ऐरो सिटी, इज्जतनगर नैनीताल रोड बरेली पर आरोप लगाते हुए कहा है कि 11मई 2023 को अपने मित्र विकास के भाई की शादी में आशीष से मुलाकात हुई। आशीष ने खुद को एचडीबी फाईनन्स कम्पनी का एचआर बताया और कहा कि उनके यहां लोन (शेष पृष्ठ सात पर)

## अमेरिका की नागरिकता दिलाने के नाम पर 11.90 लाख की धोखाधड़ी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।अमेरिका की नागरिकता दिलाने के नाम पर एक व्यक्ति से 11.90 लाख की धोखाधड़ी कर ली गई। कोर्ट के आदेश पर मामले की रपट दर्ज कर पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। दर्ज रपट में सुरेन्द्र सिंह पुत्र जोगेन्दर सिंह निवासी ग्राम सैंदनगर थाना मिलकखानम तहसील स्वार जिला रामपुर, ने नरेन्द्र सिंह पुत्र जीत सिंह निवासी ग्राम डिबडिबा, बिलासपुर ,रामपुर उसकी पत्नी रमन के विरूद्ध कहा है कि वह अमेरिका की सिटीजनशिप लेना चाहता था। जिस हेतु उसकी मुलाकात नरेन्द्र सिंह एवं (शेष पृष्ठ सात पर)

बम्पर धमाका सेल बम्पर धमाका सेल
हर कम्पनी का माल कम्पनी से कम रेटों पर
1 से 15 सितम्बर 2024 तक
30 % से 50 % तक की भारी छूट
हॉकिन्स, युनाइटिड, प्रेस्टीज एवं पीएनबी के कूकर पर 45% तक विशेष छूट
बोरोसिल,मिल्टन सहित कई कम्पनियों की बोटल्स, कप-प्लेट सहित क्राकरी के सामान पर भारी छूट
हर प्रकार की खरीदारी पर भारी छूट पाये,जल्दी आये और लाभ उठायें
आपके शहर की सबसे पुरानी दुकान 1975 से आपकी सेवा में अब नये पते पर तीन मंजिल शो रूम में पहुंच गई है।
गोल्डन एजेन्सीज
178,सिद्धू पैलेस वाली गली,आवास विकास,रुद्रपुर

# जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक आपदाएं वैश्विक चुनौती : धनखड़

## उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने देहरादून स्थित सीएसआईआर में आयोजित कार्यक्रम में वैज्ञानिकों और छात्र-छात्राओं को संबोधित किया

देहरादून (उद संवाददाता)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को देहरादून स्थित भारतीय पेट्रोलियम संस्थान- सीएसआईआर में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। यहां उन्होंने संस्थान के वैज्ञानिकों और छात्र-छात्राओं को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने संस्थान के परिसर में ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के अंतर्गत पौधारोपण किया।इस दौरान उनकी धर्मपत्नी डॉ. (श्रीमती) सुदेश धनखड़ और राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) भी मौजूद रहे। देहरादून में भारतीय पेट्रोलियम संस्थान- सीएसआईआर और आईआईपी में छात्रों और संकाय सदस्यों को संबोधित करते हुए, श्री धनखड़ ने जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक आपदाओं की चुनौती पर जोर दिया। जलवायु न्याय की





आवश्यकता को रेखांकित करते हुए, श्री धनखड़ ने कहा, "जलवायु परिवर्तन विशेष रूप से कमजोर वर्गों को प्रभावित करता है और इसलिए जलवायु न्याय हमारा मार्गदर्शक सिद्धांत होना चाहिए।महामहिम उप राष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने देहरादून स्थित भारतीय पेट्रोलियम संस्थान- सीएसआईआर में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति ने आईआईपी परिसर में पौधारोपण किया। इस दौरान उपराष्ट्रपति ने संस्थान के वैज्ञानिकों एवं शोध छात्रों से संवाद भी किया। उपराष्ट्रपति ने भारतीय पेट्रोलियम संस्थान द्वारा किए जा रहे नवाचार के कार्यों की जमकर सराहना की। उपराष्ट्रपति ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तराखण्ड में प्रकृति प्रदत्त वन, नदियां और हिमालय जैसी अपार संपदा है, जो हमें प्रकृति से और भी करीब लाते हैं। हम सब की जिम्मेदारी है कि हम इस धरती का पर्यावरणीय दृष्टिकोण से ख्याल रखें। उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय पेट्रोलियम संस्थान ने वेस्ट मटेरियल से बायोफ्यूल बनाने जैसे नवाचार से प्रधानमंत्री के विजन को भी आगे बढ़ाया है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि आज हमारे सामने 'क्लाइमेटचेंज', "बायोडायवर्सिटी लॉस", "प्राकृतिक संसाधनों की कमी" जैसी चुनौतियाँ हैं, उन्होंने कहा कि यह सिर्फ हमारी अकेले की चिंता नहीं बल्कि पूरा विश्व इसके लिए चिंतित है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की चुनौतियों से निपटने के लिए भारतीय पेट्रोलियम संस्थान महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि पृथ्वी पर्यावरण की रक्षा करना हम सब की जिम्मेदारी है जलवायु परिवर्तन से पूरी दुनिया प्रभावित हो रही है जिसको देखते हुए आज के समय में क्लीन एनर्जी की जरूरत है।उप राष्ट्रपति ने कहा कि बीते वर्ष भारत में जी20 का नेतृत्व किया और इस दौरान पूरे विश्व के विभिन्न प्रतिनिधि देशों ने भारत के प्रयासों की सराहना की। वर्ष 2023 में जी20 सम्मेलन के दौरान "ग्लोबल बायोफ्यूल एलाइंस" का शुभारंभ भविष्य के लिए एक स्थायी ऊर्जा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि भारत का लक्ष्य 2070 तक "कार्बन न्यूट्रल" बनना है जिसके तहत परिवहन क्षेत्र में "बायोफ्यूल" के उपयोग का विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में इलेक्ट्रिक वाहनों को अभूतपूर्व समर्थन मिल रहा है जिसके तहत सर्कुलर इकॉनमी पर अधिक जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमें प्राकृतिक संसाधनों के न्यूनतम उपयोग करते हुए उनके संरक्षण पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। हमें अपने उपयोग को आर्थिक साधनों के बजाय वास्तविक जरूरतों पर आधारित करने की आवश्यकता है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय नियोजन में स्थिरता का एकीकरण, ग्रीन इनिशिएटिव के लिए बजट आवंटन और पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए भारत के समग्र दृष्टिकोण को प्रदर्शित किया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि यह हम सभी के लिए बेहद गर्व का विषय है कि भारतीय पेट्रोलियम संस्थान न केवल भारत, बल्कि वैश्विक स्तर पर ऊर्जा अनुसंधान और विकास के क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। राज्यपाल ने कहा कि संस्थान द्वारा पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों के अलावा, नवीकरणीय ऊर्जा जैसे सौर, पवन, बायोमास, और हाइड्रोजन ऊर्जा पर भी ध्यान दिया जा रहा है। इन क्षेत्रों में अनुसंधान और विकास की बहुत संभावनाएं हैं। राज्यपाल ने कहा कि राष्ट्र की एनर्जी सिक्योरिटी, आर्थिक विकास और पर्यावरण में आईआईपी का महत्वपूर्ण योगदान है। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा ''जय जवान, जय किसान'' नारे के साथ ''जय विज्ञान और जय अनुसंधान'' को जोड़ा गया है जो वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं के लिए सम्मान को परिलक्षित करता है। कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक डॉ. एच. एस. बिष्ट ने संस्थान की उपलब्धियों और भावी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में संस्थान के वैज्ञानिक और शोधार्थी उपस्थित रहे।







## देश विरोधी नैरेटिव्स फैलाने वालों से सावधान रहें युवा

देहरादून। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि यह अफसोस की बात है कि हमारे लोकतंत्र और राष्ट्रवाद की भावना को चुनौती देने वाले लोग वे हैं जो कभी सत्ता में थे या महत्वपूर्ण पदों पर थे। उन्होंने कहा, "संकीर्ण पार्टीगत हितों की पूर्ति के लिए वे देश विरोधी नैरेटिव्स फैला रहे हैं और हमारे महान लोकतंत्र की तुलना पड़ोसी देशों की प्रणालियों से कर रहे हैं।" युवाओं को चेतावनी देते हुए श्री धनखड़ ने कहा, "ये लोग हमें भटकाने की पूरी कोशिश करते हैं, अपने वास्तविक इरादों को छिपाते हुए वे देश की अभूतपूर्व वृद्धि को नजरअंदाज करते हैं। देश की आर्थिक उन्नति और वैश्विक मंच पर इसकी शानदार वृद्धि को नजरअंदाज करते हैं। उन्होंने भारत के स्थिर लोकतंत्र और पड़ोसी देशों की प्रणालियों की तुलना किए जाने की आलोचना की, और पूछा, ''क्या हम कभी तुलना कर सकते हैं?'' उपराष्ट्रपति ने युवाओं से अपील की कि वे इन नैरेटिव्स का विरोध करें, उन्हें बेअसर करें और इन हानिकारक तुलनाओं को उजागर करें।श्री धनखड़ ने कहा कि भारत, जो सबसे बड़ा और सबसे जीवंत लोकतंत्र है, और प्रधानमंत्री जो लगातार तीसरी बार कार्यरत हैं, को ऐसी अवमानननाओं का सामना नहीं करना चाहिए। "ऐसा विचार किसी भी व्यक्ति के मन में कैसे उत्पन्न हो सकता है जो इस राष्ट्र, राष्ट्रवाद और लोकतंत्र में विश्वास करता है?" उन्होंने ऐसे नैरेटिव्स को ''दुष्ट'' और ''शब्दों से परे'' करार दिया।

# पुलिसिया 'कार्यप्रणाली' से 'निरर्थक' होते 'धामी सरकार के प्रयास'

## हल्द्वानी हिंसा के आरोपियों को कैसे मिल पाएगी सजा ? तीन महीने में केवल आठ सरकारी गवाहों एवं चार सार्वजनिक गवाहों से ही पूछताछ कर पाई पुलिस,नैनीताल उच्च न्यायालय में पुलिस की जमकर पिटी भद्द,पुलिसिया कार्यप्रणाली पर उच्च न्यायालय ने की सख्त टिप्पणी, उधम सिंह नगर पुलिस ने भी तस्लीम जहां मामले की आनन फानन लीपापोती कर विपक्ष को सरकार पर हमलावर होने का दिया सुनहरा मौका

-अर्श-





नैनीताल/ रुद्रपुर। सरकार समाज हित में चाहे जितने भी सख्त से सख्त कानून बना डाले, लेकिन जब तक पुलिस सरकार द्वारा बनाए गए कानून को सरकार की मंशा के अनुसार ईमानदारी एवं सख्ती से लागू नहीं करेगी, तब तक बनाए गए कानून का कोई सार्थक परिणाम सामने आना बेहद मुश्किल है। सूबे की पुष्कर सिंह धामी सरकार मातृशक्ति की सुरक्षा एवं समृद्धि के लिए आए दिन नए-नए नियम- कानून तथा योजनाएं लाती रहती है ,मगर मातृशक्ति की बेहतरी की तमाम सरकारी प्रतिबद्धताओं के बावजूद ,उधम सिंह नगर पुलिस ने तस्लीम जहां मामले का जिस तरह आनन -फानन खुलासा किया तथा बाद में जनता का दबाव बढ़ने पर विशेष जांच दल का गठन कर अपने कर्तव्य की इति श्री कर ली, उससे विपक्ष को सरकार पर हमला करने का सुनहरा अवसर मिल गया। नतीजतन विपक्ष सरकार पर अभी तक हमलावर है और सरकार इस मसले पर बचाव की मुद्रा में नजर आ रही है। कमोबेश ऐसा ही कुछ हश्र, सरकार द्वारा हाल ही में बनाए गए सख्त दंगा रोधी कानून का भी, होने के पूरे पूरे आसार हैं। वह इसलिए, क्योंकि हल्द्वानी दंगों की लचर पुलिसिया कार्यवाही का जो हाल विगत दिनों नैनीताल उच्च न्यायालय में सुनवाई के दौरान हुआ, उसने इस प्रश्न को और भी बड़ा कर दिया है कि क्या उत्तराखंड की मित्र पुलिस धामी सरकार द्वारा बनाए गए सख्त दंगा रोधी कानून को सरकार की मंशा के अनुरूप भविष्य में अमल में ला पाएगी? बताना होगा कि विगत दिनों नैनीताल उच्च न्यायालय में हल्द्वानी हिंसा मामले में 50 आरोपियों को डिफॉल्ट जमानत की सुनवाई के दौरान पुलिस की जमकर भद्द पिटी।न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की खंडपीठ ने पुलिस के रवैए पर सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि मामले के अभिलेख, विशेषकर निचली अदालत के अभिलेख का अवलोकन करने के बाद ये पाया गया कि अपीलकर्ता अपनी गिरफ्तारी की तिथि (13 और 16 फरवरी 2024) से न्यायिक हिरासत में हैं लेकिन पुलिस द्वारा तीन महीने की अवधि में केवल 8 सरकारी गवाहों और चार सार्वजनिक गवाहों के बयान दर्ज किए गए ।सुस्त जांच की पराकाष्ठा यह है कि पहले महीने में केवल दो सरकारी गवाहों और एक सरकारी गवाह से ही पूछताछ की गई।जांच जिस तरह से आगे बढ़ी, वह भी बहुत कुछ बयां करती है। तेरह फरवरी को बरामद हथियार 45 दिनों की अत्यधिक और अस्पष्ट देरी के बाद एक अप्रैल 2024 को एफएसएल को भेजे गए। इसके अलावा 16 अप्रैल को जब्त किए गए सामान 90 दिनों की अवधि समाप्त होने के बाद 18 मई को भेजे गए। साथ ही जांच अधिकारी द्वारा विलंब का जो कारण बताया गया है, उससे भी कोर्ट प्रभावित नहीं हुआ। जांच अधिकारी ने निचली अदालत में कहा था कि जांच अभी तक पूरी नहीं हुई, ऐसे में जांच के लिए अपीलकर्ता की हिरासत की आवश्यकता थी । रिकॉर्ड देखने के बाद कोर्ट ने कहा कि 90 दिनों में जांच अधिकारी ने ऐसा क्या किया जो, आगे समय बढ़ाने पर पूरा हो जाएगा? तीन महीने में केवल आठ सरकारी गवाहों और चार सार्वजनिक गवाहों के ही बयान लिए जा सके। जबकि, जो सामान जब्त किया था, उसे जांच के लिए भी 90 दिन बाद फॉरेंसिक लैब भेजा गया। न्यायमूर्ति गण ने आगे कहा कि बताए गए कारणों में से एक यह दिखाया गया है कि अभियोजन की मंजूरी का इंतजार है।अंत में उच्च न्यायालय कोर्ट ने ये भी टिप्पणी की कि चर्चा के बाद इस बात पर कोई संदेह नहीं है कि विवादित आदेश कायम नहीं रह सकते। प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश ने विवादित आदेश पारित करने में गलती की है जिसमें केवल आईओ की एप्लीकेशन के आधार पर फैसला दिया गया।

# महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर परिवार व समाज के साथ सहयोग करें: उमा जोशी

बाजपुर (उद संवाददाता)। मधुवन स्वायत सहकारिता समिति की वार्षिक आम सभा का आयोजन कलस्टर की अध्यक्ष सुश्री उमा जोशी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें संबोधन में सुश्री उमा जोशी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज और परिवार के बेहतर विकास में महिलाओं को आगे बढ़कर प्रयास करने चाहिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में देश के विकास में सहयोग कर रही हैं। यहां तक कि खेलों में भी महिला खिलाडियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई पदक जीतकर देश का नाम विश्व में रोशन किया है। सहायक खंड विशेष योगदान रहा। जिसके लिए खंड विकास अधिकारी द्वारा सभी महिलाओ को बधाई दी गई। साथ ही साथ आवास, मनरेगा एवं विभिन्न विभागों से कन्वर्जेंस कर आजीविका बैंकों से ऋण प्राप्त कर रोजगार करने की बात कही गई। उद्यान विभाग से श्री सागर द्वारा स्वयं सहायता समूह को सब्सिडी के लाभ के बारे में बताया गया। मंच का संचालन उमेश छिंवाल जिसके पश्चात उपस्थित समस्त समूह की महिलाओ ने कलस्टर की अध्यक्ष उमा जोशी का धन्यवाद किया। कार्यक्रम में सहायक खंड विकास अधिकारी सुरेश चंद्र पंत, अक्षय




महिलाओं के आजीविका संवर्धन की जानकारी के साथ-साथ आत्मनिर्भर होने की बात कही गई। वहीं मधुबन कलस्टर की अध्यक्ष उमा जोशी को स्टेट फेडरेशन की अध्यक्ष चुने जाने पर समस्त समूह की महिलाओं एवं अधिकारीगण द्वारा बधाई दी गई। अपने महिलाएं विभिन्न स्वरोजगार परक प्रशिक्षण प्राप्त कर न सिर्फ स्वयं आत्मनिर्भर बनें बल्कि अपने साथ अन्य महिलाओं को भी जोड़कर उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं बेहतर शिक्षा तथा प्रशिक्षण के साथ समाज के हर विकास अधिकारी कुन्दन सिंह बिष्ट द्वारा मधुवन कलस्टर को बरहैनी में 0. 278 हेक्टेयर भूमि मधुवन कार्यालय व बहुउद्देशीय ग्रोथ सेंटर बनाए जाने के लिए राजस्व विभाग द्वारा भूमि आवंटित की गई। जिसमे मधुवन कलस्टर की अध्यक्ष उमा जोशी का को दोगुनी करने एवं जिला परियोजना प्रबंधक राजेश श्रीवास्तव द्वारा रिप परियोजना विकासखंड एवं जिले स्तर की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। एरिया कोऑर्डिनेटर रिजवान अली द्वारा स्वयं सहायता समूह की महिलाओ को बचत करने विकासखंड स्तर से योजना एवं द्वारा किया गया। समापन अवसर पर अध्यक्ष की भूमिका निभा रही सुश्री उमा जोशी ने मधुबन कलस्टर के आय व्यय का ब्योरा देते उपस्थित समस्त अधिकारी गण एवं समस्त समूह की महिलाओं का धन्यवाद किया एवं वार्षिक आमसभा का समापन किया। सहायक परियोजना प्रबंधक संस्थाएं एवं समावेशन आदि के साथ सुनील कुमार ऊंचा कोटी, निशा रावत, उर्मिला, सोनी, संदीप, उर्मिला कांडपाल, गीता, चांदनी, शांति, बबीता, राधा, गुलनाज, ज्योति, भावना, प्रेमा रावत, कलादेवी, कैलाशो देवी आदि उपस्थित रहे।

# होनहार कंचन शाही ने मेहनत से हासिल किया मुकाम

## पीसीएस परीक्षा पास कर बनी उद्यान विकास अधिकारी

किच्छा(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड की होनहार बेटियां प्रतियोगी परीक्षाओं और प्रशासनिक सेवाओं में अपना कमाल दिखाकर ना केवल अपने सपने को पूरा कर रही है बल्कि अन्य बेटियों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बन रही है। ऐसी ही एक बेटी है जिसने उत्तराखण्ड की पीसीएस जैसी कठिन परीक्षा में सफलता हासिल कर माता-पिता को गौरवान्वित किया हैं। नैनीताल जिले की रहने वाली कंचन शाही ने पीसीएस परीक्षा 2021 उत्तीर्ण की है और उनका चयन उद्यान विकास अधिकारी के पद पर हुआ है। कंचन शाही अपनी सेवा किच्छा सोसायटी में गन्ना विकास निरीक्षक के पद पर कार्यरत है । बचपन से ही होनहार छात्रा कंचन शाही की प्रारंभिक शिक्षा वेदा स्कूल डीडीहाट पिथौरागढ़ से हाई स्कूल किया इसके बाद कंचन शाही की इंटरमीडिएट की पढ़ाई सरस्वती बालिका विद्या मंदिर पिथौरागढ़ से पूरी हुई है। स्नातक 2018 में गोविन्द बल्लभ पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्व विद्यालय पंतनगर से किया। आगे की पढ़ाई के लिए दून विश्वविद्यालय देहरादून से का रूख किया और एमएससी की ओर एमएससी में गोल्ड मेडलिस्ट की उपाधि मिली। आगे कंचन शाही ने बताया कि स्वयं किताबों एवं इन्टरनेट के माध्यम से तैयारी की 2021-लोअर पीसीएस परीक्षा में उत्तीर्ण कर वर्तमान में गन्ना विकास निरीक्षक पद किच्छा में केन डेवलपमेंट एंड शुगर केन उत्तराखंड में कार्यरत कंचन शाही ने कामयाबी का श्रेय परिवारजनों,दोस्तों गुरुजनों को दिया है। उत्तराखंड की बेटी ने अपनी मेहनत और स्वयं के संसाधनों से पीसीएस परीक्षा में सफलता पाई है। कंचन शाही ने बताया कि उन्होंने कठिन परिश्रम करते हुए पीसीएस परीक्षा में सफलता पाई है। उन्होंने बताया कि मन में दृढ़ संकल्प था कि वह अपने लक्ष्य को पाने में जरूर कामयाब होंगी।



# अभ्युदय एक परिवर्तन संस्था ने लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। अभ्युदय एक परिवर्तन संस्था द्वारा अंबेडकर पार्क दमुआढुंगा में विशाल निशुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ डॉक्टर नीलांबर भट्ट, समाजसेवी भोलानाथ केसरवानी, अभ्युदय एक परिवर्तन संस्था के संरक्षक भुवन जोशी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। संस्था के पदाधिकारी गोपाल भट्ट, भुवन तिवारी, अरुण टम्टा, संजय दुमका, महेश जोशी, हिमांशु मिश्रा, भुवन भट्ट सहित सभी सदस्यों ने आए हुए लोगों का मार्गदर्शन किया और जांच करवाने में मदद की। शिविर में लगभग 450 लोगों ने अपना निशुल्क जांच एवं परामर्श करवाया। कार्यक्रम में दर्जा राज्य मंत्री सुरेश भट्ट, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदीप, प्रकाश रावत, चंदन बिष्ट, विजय मनराल, किशोर जोशी, प्रताप रैकवाल आदि उपस्थित रहे।अभ्युदयष संस्था हल्द्वानी, के संरक्षक भुवन जोशी ने बताया कि दमूवाढूंगा क्षेत्र काफी बड़ा क्षेत्र है, और यहाँ मध्यम व अन्य वर्ग के लोग निवास करते है। अभ्युदयष संस्था हल्द्वानी मे लगातार जनहित के कार्यक्रम को संचालित करती रहती है। क्षेत्र के लोगो के आग्रह और संस्था के निर्णय के बाद अम्बेडकर पार्क दमुवाढूंगा मे इस विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जिसमे नेत्र रोग विशेषज्ञ द्वारा आँखों की जाँच एवं आपरेशन, मस्तिष्क एवं रीड़ हड्डी रोग विशेषज्ञ (न्यूरो), दंत रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ (ऑयों) के सभी अनुभवी डॉक्टर द्वारा ओपीडी कर आये मरीजों को उपलब्ध जांचें नि:शुल्क और ब्लड प्रेशर, सुगर, इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम, थाइराईड, कोलेस्ट्रॉल, बोन डेन्सिटी टेस्ट यूरिक एसिड एवं कैल्शियम की जाँच कर उचित परामर्श दिया गया। स्वास्थ्य शिविर में लगभग 450 से अधिक लोगों ने अपना पंजीकरण कराया और इस स्वास्थ्य शिविर का लाभ लिया। इस अवसर पर अरुण कुमार, भुवन तिवारी, पनराम, गोपाल भट्ट, भुवन भट्ट, संजय दुम्का, मुन्नी विष्ट, अध्यक्ष विनोद तिवारी आदि मौजूद रहे।



# मथुरा वृंदावन के लिए तीर्थ यात्रियों का जत्था रवाना

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। जगतपुरा शक्ति विहार गेट से मथुरा वृंदावन के लिए श्रद्धालुओं की एक बस को पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने केसरिया झंडा दिखाकर रवाना किया। इसके बाद श्रद्धालु राधे राधे के जयकारों के साथ यात्रा के लिए रवाना पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने बताया कि मथुरा वृंदावन , गोकुल, बरसाना, गोवर्धन पर्वत, नंदगांव, कृष्ण जन्मभूमि, बांके बिहारी मंदिर, निधिवन, प्रेम मंदिर, इस्कॉन टेंपल, इसके बाद आगरा हुए जाएगी। इस दौरान श्री ठुकराल ने कहा कि मथुरा वृंदावन में करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है । मथुरा वृंदावन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए जाते हैं ।उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म में धार्मिक यात्रा का विशेष महत्व है। धार्मिक यात्रा से मन शुद्ध होता है और नई ऊर्जा का संचार होता है ।उन्होंने कहां कि धार्मिक यात्राओं से लोगों को धर्म के प्रति आस्था बढ़ती है और नए स्थान पर भ्रमण से नई नई जानकारियां प्राप्त होती हैं ।इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार राजीव चावला, संजय ठुकराल, सुनील आर्या ,अशोक आर्या, सुरेंद्र सिंह सरजू, मनोज आर्या, अजय नारायण सिंह, हजारीलाल, प्रेमपाल प्रजापति, अभिषेक प्रजापति, रोहित प्रजापति, पवन प्रजापति, विष्णु, अमन, ललित, आशा, नीरज, लक्ष्मी, चेतन, राजकुमार, दीपक प्रजापति, माही आदि लोगों उपस्थित थे।



# बहुउद्देशीय शिविर में 40 लोगों की एनसीडी स्क्रीनिंग

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जनपद ऊधम सिंह नगर में शनिवार को प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाभियान (पी एम जन मन) के तहत विकासखंड बाजपुर के ग्राम पंचायत भाजुवा नगला एवं ग्राम पंचायत शिवपुरी में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 40 लोगो का एन. सी डी. स्क्रीनिंग किया गया एवं 16 लाभार्थियों का टीकाकरण, मधुमेह चेकअप व दवाईयां वितरित की गयी इसके आलावा शिविर में कृषि विभाग के अधिकारियों ने नैनो लिक्विड यूरिया, टपक सिंचाई सहित विभिन्न कृषि योजनाओ की जानकारी दी गयी। बहुउद्देशीय शिविर में उपस्थित 12 विभाग के अधिकारीयों/कर्मचारियों एंव क्षेत्र के सम्मानित जनप्रतिनिधयों द्वारा प्रतिभाग किया गया। क्षेत्र की जनता द्वारा की गयी विभिन्न शिकायतों का निराकरण एंव जन प्रतिनिधयों द्वारा दिये गये क्षेत्र के विकास हेतु विभन्न प्रस्तावों को संबंधित विभागों को अग्रिम कार्यवाही हेतु उपलब्ध कराये गए। इस दौरान उद्यान विभाग, सहकारिता विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग, जल संस्थान, राजस्व विभाग, बाल विकास एवं परियोजना आदि से सम्बंधित अधिकारीगण एवं उनकी टीम सहित ग्राम प्रधान भाजुवा नगला एवं ग्राम प्रधान शिवपुरी, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी (भजुवा नगला एवं शिवपुरी) ग्राम विकास अधिकारी (भजुवा नगला एवं शिवपुरी) उपस्थित रहे।



# मेडिकल कॉलेज में की जा रही महिलाओं के स्तन कैंसर की स्क्रीनिंग

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। गुरुवार को पंडित राम सुमेर राजकीय मेडिकल कॉलेज में युवराज सिंह फाउंडेशन की ओर से दूसरे चरण में स्तन कैंसर को लेकर पांच दिवसीय जांच कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में पहले दिन ही 20 महिलाओं की स्तन कैंसर को लेकर स्क्रीनिंग कराई गई। जिनमें से दो महिलओं में स्तन कैंसर की स्थिती सदेंह परस्त है। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. केदार सिंह शाही ने बताया कि फाउंडेशन की ओर से द्वितीय चरण में कैंप लगाया गया है। उन्होंने बताया कि मेडिकल कॉलेज के कैंसर डिटेक्शन सेंटर में फाउंडेशन की टीम की ओर से महिलाओं की जांच की जा रही है। फाउंडेशन की टीम की ओर से रुद्रपुर मेडिकल कॉलेज के अलावा काशीपुर में भी सेंटर बनाया गया है। जिससे इसके आस-पास के क्षेत्रों में अधिक से अधिक महिलाओं की स्तन कैंसर को लेकर जांच की जा सके। उन्होंने बताया कि पूर्व में फाउंडेशन टीम की ओर से लगाए गए जांच कैंप में 11 महिलाओं में स्तन कैंसर की पुष्टि हुई है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ विभाग के साथ युवराज सिंह फाउंडेशन की ओर से चलाए जा रहे अभियान में लोगों को महिलाओं में होने वाले स्तन कैंसर के प्रति जागरूकता लाना है। इस अभियान को जिले में एक साल तक चलाने के लिए मेडिकल कॉलेज ने युवराज सिंह फाउंडेशन के एमओयू किया है। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान जांच में स्तन कैंसर से पीड़ित आ रही महिलाओं के ईलाज के लिए भी कार्यावाही तेज की जाएगी। बताया कि मेडिकल कॉलेज में लगाए गए पांच दिवसीय कैंप के बाद जनपद भर में इस को अभियान को तेज किया जाएगा।

# घर के बाहर से ई रिक्शा और बाइक चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शहर में वाहन चोरी की घटनाएं थम नहीं रही है। दो अलग अलग स्थानों से चोरों ने घर के बाहर खड़ा ई रिक्शा और बाइक चोरी कर ली। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। ट्रांजिट कैम्प थाना क्षेत्र अंतर्गत अशोक विहार कालोनी निवासी राम कुमार पुत्र प्यारे लाल हाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसने रात को अपना ई रिक्शा संख्या यूके 06ईआर 6424 कमरे के बाहर खड़ा किया था। अगले दिन सुबह छह बजे उठकर देखा तो ई रिक्शा गायब था। वहीं वार्ड नंबर नौ ट्रांजिट कैम्प निवासी किशन मंडल पुत्र रणजीत मंडल ने बताया कि उसने अपनी मोटर साईकिल सं० यूके 06एटी0640 घर के बाहर लॉक लगाकर खड़ी की थी। सुबह देखा तो मोटर साईकिल गायब थी। पुलिस ने दोनों मामलों की रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# बोलेरो की टक्कर से दो पीआरडी जवान गंभीर

गदरपुर(उद संवाददाता)। तेज रफ्तार बोलेरो की चपेट में आकर दो पीआरडी के जवान घायल हो गये जिन्हें गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया जहां उनका प्राथमिक उपचार कर गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार होमगार्ड महेन्द्र सिंह एवं पीआरडी नंदराम रात्रि की डयूटी कर मोटरसाईकिल से थाने आ रहे थे। जब वह थाने गेट पर पहुंचे तो काशीपुर की तरफ से तेज गति से आ रही बोलेरो कार ने टक्कर मार दी। जिससे वह दोनों सड़क पर गिर गये और गंभीर रूप से घायल हो गए । पुलिसकर्मियों द्वारा उन्हें तुरन्त सामुदायिक अस्पताल ले जाया गया। जहां उनका प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वही वाहन चालक को पुलिस ने पकड़ लिया है।

# चंपावत जिला अस्पताल में सिटी स्कैन मशीन का किया लोकार्पण




चंपावत(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को जिला अस्पताल चंपावत में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए 5 करोड़ 18 लाख 68 हजार की धनराशि से स्थापित सिटी स्कैन मशीन का लोकार्पण किया।इस अवसर पर उन्होंने जिला अस्पताल में मरीजों से मिलकर उनका हाल जाना एवं व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। साथ ही मरीजों को बेहतर से बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।मुख्यमंत्री ने कहा कि आदर्श जनपद बनने की ओर जिला चंपावत तेजी से बढ़ रहा है। जनपद में विकास कार्यों के साथ-साथ लोगों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है। जनपद में सीटी स्कैन मशीन की सुविधा से जहां एक ओर मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया होंगी, वहीं आदर्श जनपद चंपावत की परिकल्पना भी एक कदम और आगे बढ़ेगी।मुख्यमंत्री ने कहा कि जनपद में लगातार स्वास्थ्य सेवाओं में बढ़ोतरी हो रही है। जिला अस्पताल लगातार आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित हो रहा है। सीटी स्कैन मशीन संचालित होने के बाद जनपद के मरीजों को बाहरी जनपदों के अस्पतालों की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। मरीजों को सिटी स्कैन की सुविधा अपने ही जिले में प्राप्त होगी।उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल में लगातार विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती की गई है। जिन चिकित्सकों/विशेषज्ञों की तैनाती नहीं हुई है उनकी भी शीघ्र तैनाती की जाएगी। जिससे यहां आने वाले मरीजों को बेहतर उपचार के लिए अन्यत्र नहीं जाना पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि लोगों को बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि जनपद में क्रिटिकल केयर यूनिट का भी निर्माण कराया जा रहा है। जो शीघ्र ही पूर्ण हो जाएगा। उन्होंने कहा कि अस्पताल में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार होने से क्षेत्र में पलायन रुकेगा एवं सीमांत क्षेत्र को इसका लाभ मिलेगा। इस मौके पर अध्यक्ष जिला पंचायत ज्योति राय, भाजपा जिला अध्यक्ष निर्मल महारा, विधायक प्रतिनिधि प्रकाश तिवारी, जिलाधिकारी नवनीत पांडे, पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवेश चौहान एवं अन्य लोग मौजूद रहे।




# हस्तशिल्प और हथकरघा उद्योग से जुड़ी प्रगतिशील महिलाओं को प्रोत्साहित कर रही है सरकारः डीएम

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जनपद के हस्तशिल्प और हथकरघा से जुड़े स्टार्ट अप और महिला समूहों के उत्पादों को प्रोत्साहन देने के लिए जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में जिला उद्योग केंद्र में एक दिवसीय उद्यमी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं द्वारा उत्पादित सामग्री को आधुनिक पैकेजिंग और मार्केटिंग माध्यमों से बाजार में सही मूल्य दिलाए जाने हेतु इस क्षेत्र में कार्य कर रहे स्टार्ट अप से जोड़ने का प्रयास किया गया। कार्यशाला में जनपद के विभिन्न स्थान से आए प्रगतिशील व प्रतिभाशाली सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम औद्योगिक क्षेत्र से जुड़े उद्यमियों ने हिस्सा लिया। इन उद्यमियों द्वारा कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन , मधुमक्खी पालन, कुकुट पालन, बागवानी, हैंडीक्राफ्ट, हैंडलूम ऐपण, जैम, पेंटिंग आदि विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर स्वरोजगार के अवसर विकसित किया जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने इस



कार्यशाला के माध्यम से जनपद के सभी उद्यमियों ने एक-दूसरे के कार्यक्षेत्र और उनकी विशेषताओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा केंद्र व राज्य सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से प्रगतिशील उद्यमियों को आगे बढ़ाने के अनेक अवसर प्रदान कर रही है। जिसका निश्चित तौर पर आप सभी को लाभ लेना चाहिए। जिलाधिकारी ने इन उद्यमियों द्वारा बनाए गए उत्पादों के बिक्री हेतु उचित प्लेटफार्मों, और उत्पादों की पैकेजिंग की व्यवस्था करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कहा उद्यमियों को सुविधायुक्त एवं प्रेरणादायक वातावरण मुहैया कराया जाए। जिलाधिकारी ने उद्योग केंद्र हल्द्वानी में उद्यमियों द्वारा लगाए गए हस्तशिल्प प्रदर्शनी को भी देखा और उनके द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा यदि व्यक्ति स्वरोजगार करना चाहते हैं तो जिला उद्योग केंद्र उन्हें सुविधा प्रदान करे। इस कार्यशाला में मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, उद्योग महाप्रबंधक, कृषि, पशुपालन, आईआईएम काशीपुर, ग्राफिक एरा हल्द्वानी, रीप, आरबीआई, आदि अन्य संबंधित के सदस्य उपस्थित रहे।

# सीएम ने खटीमा में सुनी क्षेत्रवासियों की समस्याएं

खटीमा(उद संवाददाता)।सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शनिवार को खटीमा पहुंचे। मुख्यमंत्री ने लोहिया हेलीपेड पर जनता से भेंट की और जन समस्याएं सुनी। मुख्यमंत्री के पहुंचने पर जिलाध्यक्ष कमल जिंदल,जिलाधिकारी उदय राज सिंह, एसएसपी मंजूनाथ टीसी, सीडीओ मनीष कुमार आदि ने पुष्पगुच्छ व पुष्प देकर स्वागत किया। इसके उपरांत मुख्यमंत्री ने कैम्प कार्यालय, लोहिया हेड में जनता से भेंट कर उनकी समस्याएं सुनी। मौजूद राज्य आंदोलनकारियों ने राज्य आंदोलनकारियों व उनके परिजनों के लिये 10% क्षैतिज आरक्षण देने के लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया। इस



अवसर पर जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, महामंत्री अमित नारंग, सतीश गोयल, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी, पूर्व मंडी चेयरमैन नंदन सिंह खड़ायत, जिलाधिकारी उदय राज सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ मंजुनाथ टीसी, मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, एएसपी मनोज कत्याल,अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, अशोक जोशी,एसडीएम रविन्द्र बिष्ट सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।

# बढ़ते महिला अपराधों के खिलाफ फूंका भाजपा सरकार का पुतला

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। देवभूमि में लगातार बढ़ते महिला अपराधों को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ हल्लाबोल कर सरकार के पुतले को आग के हवाले किया। प्रदेश में लगातार बढ़ रहे महिला अपराधों से गुस्साये कांग्रेसियो ने जिला व महानगर कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में जोरदार विरोध प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का इस्तीफा मांगा।बुद्ध पार्क तिकोनिया में जोरदार विरोध प्रदर्शन संग भाजपा सरकार का पुतला दहन करने के उपरांत गुस्साये कांग्रेसियो ने बुद्ध पार्क तिकोनिया से जुलूस के रूप में एसडीएम कोर्ट परिसर तक पहुँचे और महामहिम राष्ट्रपति के नाम का ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौपा। इस दौरान मीडिया से बात करते हुवे पूर्व विधनसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल ने कहा कि धामी सरकार महिलाओं, बच्चियों और मासूमो के प्रति होने वाले जघन्य अपराधों को रोकने में पूरी तरह से विफल है।नैतिकता के आधार पर मुख्यमंत्री को तुरंत इस्तीफा देना चाहिये।विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि देवभूमि मे विगत कुछ समय से बलात्कार, गैंगरेप और हत्या जैसे जघन्य अपराधों की बाढ़ आ गयी है। मोदी सरकार बंगाल प्रकरण पर तुरंत सीबीआई जाँच की संस्तुति देती है लेकिन उत्तराखंड की बेटी अंकिता भंडारी हत्याकांड में मौन धारण कर लेती है। देवभूमि उत्तराखंड को राष्ट्रपति के संरक्षण की जरूरत है।जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल ने कहा कि बलात्कार जैसे जघन्य अपराधों में भाजपा नेताओं के सीधे जुड़ाव की खबरें भाजपा के चाल,चरित्र और चेहरे को दर्शाती है। खुद को बेटियों के रक्षक कहलाने वाले ही भक्षक बन गये है। महानगर अध्यक्ष एडवोकेट गोविंद बिष्ट ने कहा कि उत्तराखंड में महिलाओं, बेटियों और बच्चियों के साथ बढ़ते बलात्कार, छेड़खानी की घटनाओं और बिगड़ती कानून व्यवस्था के कारण प्रत्येक उत्तराखंडवासी में भय व्याप्त है। बिगड़ती कानून व्यवस्था से अराजकता चरम पर है।धामी सरकार के खिलाफ हल्लाबोल करते हुवे समस्त कांग्रेस जनों ने महामहिम राष्ट्रपति से देवभूमि को शर्मसार होने से बचाने के लिए महिला अपराधों को रोकने के लिये अविलंब कड़े कानून बनाने की मांग की। इस दौरान हरीश मेहता, सतीश नैनवाल, जगमोहन चिलवाल, प्रकाश पांडे, राजेन्द्र बिष्ट, हेमन्त बगडवाल, विजय सिजवाली, राजेन्द्र बिष्ट, दीपक बलुटिया, ललित जोशी, योगेश जोशी, सुहैल सिद्दीकी, जीवन कार्की, संजय किरोला, जया कर्नाटक, शोभा बिष्ट, भागीरथी बिष्ट, रमा शर्मा, गीता बहुगुणा, राधा आर्य, दीपा बिष्ट, मीमांशा आर्य, जया पाठक, भगवती जोशी, सविता गुरुरानी, नीमा भट्ट, भगवती बिष्ट, कमला सनवाल, पुष्पा मेहता, मीनाक्षी नयाल, शशि वर्मा, शांति कोरंगा, माला वर्मा, मंजू बिष्ट, दीपा खत्री, लता पांडे, रत्ना श्रीवास्तव, हेम पांडे, मोहन बिष्ट, कुंदन नेगी, जाकिर हुसैन, देवेंद्र सिंह चनोतिया, मुकुल बलुटिया, हेमन्त शर्मा, विनोद दानी, विनोद कुमार, बहादुर बिष्ट, हेमन्त साहू, जगमोहन बगडवाल, विजय सिजवाली, संजय किरौला, भोला दत्त भट्ट, चंदन बिष्ट, महेशानंद, डॉ मयंक भट्ट, प्रताप बर्गली, गोविंद बगडवाल, नरेश अग्रवाल, सौरभ भट्ट, डॉ केदार पडलिया, वरुण भाकुनी, सुरेंद्र बर्गली, संदीप जोशी, गुरप्रीत प्रिंस, सुशील डुंगरकोटी, हेम जोशी, किरन माहरा, जीवन अधिकारी, अबरार सिद्दीकी, संजू उप्रेती, राजू सुयाल, महेश कांडपाल, खीम सिंह चौहान, महेन्द्र कुमार, दीपक साह, नीतिन भट्ट, विक्की छिमवाल, देवेंद्र मेहरा, लाल सिंह पवार, संजय जोशी, राजेन्द्र उपाध्याय, मनोज बिष्ट, गोविंद सिंह बिष्ट, प्रह्लाद बोरा, सुमित कुमार, वीर बिष्ट, अवध विहारी, सुरेश जोशी, मनोज श्रीवास्तव, ज्ञान सिंह थापा, त्रिलोक बनोली, कैलाश साह, भानु पडलिया, मनीष नेगी, हिमांशु जोशी, राजा फर्स्वान, प्रदीप नेगी, शेर दिल, आशीष कुडाई, शाद अली, इंदर पाल आर्य, अबरार सिद्दीकी, राजा रवि पांडे, अशोक जोशी, रक्षित शर्मा, प्रदीप बिष्ट, हबीबुर्रहमान, अनिल कन्नौजिया, गणेश राम, नवीन सांगूड़ी, मनोज शर्मा, बबलू बिष्ट आदि कांग्रेस जन उपस्थित रहे।





# आरएएन किड्स स्कूल में डांस टैलेंट हंट की धूम



रूद्रपुर।आर. ए. एन. किड्स स्कूल में डांस टैलेंट हंट का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय की एडमिनिस्ट्रेटर श्रीमती निधि राय द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रेखा कर्नाटक ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस आयोजन को चार ग्रुप में बांटा गया।चारों ग्रुपों में सीड ग्रुप में प्रथम दिवनूर सिंह , द्वितीय आराध्या बिष्ट, तृतीय हितंशी अरोरा रहे । सेपलिंग ग्रुप में प्रथम – गौरवी छाबरा , द्वितीय आद्विक पाल , तृतीय रूहानी अरोरा रहे। बड ग्रुप में प्रथम गौरिशी पंत,द्वितीय शेर्लिन चावला, तृतीय–शरण्या जैन रहे। फ्रूट ग्रुप में प्रथम–याशिका गिल एवं अर्पिता सुखीजा, द्वितीय रैना कालरा एवं प्रियल बहल ,तृतीय सान्वी फर्त्याल रहे। विद्यालय की एडमिनिस्ट्रेटर श्रीमती निधि राय ने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। सभी विजेताओं को ट्राफी व प्रमाण पत्र दिए गए। कार्यक्रम को सभी माता–पिता ने बहुत सराहा । कार्यक्रम में श्रीमती भावना, श्रीमती कविता आदि उपस्थित थे।

## महिला व्यापारियों ने निकाली मौन रैली

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जिला महिला प्रकोष्ठ द्वारा महिलाओं के उत्पीड़न पर प्रशासन और आम जनता को जागरूक करने हेतु गत दिवस एक मौन रैली का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं को अपनी एवं अपने परिवार की सुरक्षा हेतु जागरूकता लाने एवं पुलिस प्रशासन को महिलाओं की सुरक्षा के लिए अलग टीम बनाकर महिलाओं पर हो रहे अत्याचार को त्वरित रूप से रोक लगाने और समय समय पर हर वार्ड में महिला सुरक्षा हेतु जागरूक कैम्प लगाने और महिलाओं को आकस्मिक सहायता हेतु विशेष सुरक्षा व्यवस्था बनाने हेतु एसएसपी, सिटी मजिस्ट्रेट, एसपी सिटी को ज्ञापन सौपा। मौन जलूस का नेतृत्व महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष कुसुम दिगारी, प्रदेश मंत्री शांति जीना, जिला महामंत्री उर्वशी बोरा ने किया। रैली को समर्थन देने प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा, जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता, जिला महामंत्री हर्ष वर्द्धन पांडे, महानगर अध्यक्ष योगेश शर्मा, महामंत्री मनोज जायसवाल, संगठन मंत्री संदीप सक्सेना, ग्रामीण इकाई महामंत्री पवन वर्मा,नीरज गुप्ता, सम्मी, मोटाहल्दू अध्यक्ष संदीप पांडे, मनीष तिवारी डब्बू, सहित पुरुष व्यापारी प्रतिनिधियों ने सहयोग किया। रैली में




शामिल महिलाओं में गीता कांडपाल, किरन जोशी, रेनू टंडन, गीता बिष्ट, विद्या महतोलिया, शर्मिला मित्रा, लता बोरा, कोमल कार्की, गीता दर्मवाल, प्रिया कश्मीरा, आशा दर्मवाल, गुंजन सड़ाना, पार्वती बोरा, तारा बिष्ट, सुनीता भंडारी, सुचित्रा जायसवाल, अमिता अग्रवाल, राधा टंडन, रेखा रावत, कुसुम बोरा, लीना शर्मा, नूपुर मित्रा, ऋतु सामंता, कल्पना रावत, मंजू रावत,पी किरौला, मीमांशा आर्या, मंजू दानु, सरिता अग्रवाल सहित सैकड़ों महिलाएं रही।

## राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता में केवीएम बना विजेता

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भारत विकास परिषद शाखा हल्द्वानी द्वारा राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता का आयोजन डीपीएस स्कूल, रामपुर रोड में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि विधायक बंशीधर भगत, नगर आयुक्त विशाल मिश्रा, विशिष्ट अतिथि विवेकअग्रवाल, प्रांतीय पर्यवेक्षक पारुल गुप्ता, क्षेत्रीय संरक्षकभगवान सहाय अग्रवाल , आरके गुप्ता द्वारा दीप प्रज्वलन से हुई। शाखा अध्यक्ष भवानी शंकर नीरज ने सभी अतिथियों का स्वागत किया एवं बताया कि समस्त टीमों द्वारा हिंदी और संस्कृत में दो राउंड में गायन की प्रस्तुति दी जाएगी। हल्द्वानी नगर के विभिन्न विद्यालयों की 26 टीमों ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। निर्णायक मंडल के प्रोफेसर डॉक्टर कमला पंत, आचार्य धीरज उप्रेती एवं हेमा हरबोला द्वारा टीमों को विभिन्न बिंदुओं पर प्राप्त अंको के हिसाब से विजेताओं की घोषणा की।



प्रथम स्थान पर केवीएम पब्लिक स्कूल, द्वितीय स्थान पर शैमफोर्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल और तृतीय स्थान पर बीएलएम एकेडमी की टीम रही। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर निधि गुप्ता एवं उपमा सिटी द्वारा किया गया। इस मौके परमुख्य रूप से गीतू केसरवानी, डॉ अतुल राजपाल, अमित अग्रवाल, उपसचिव सौरव अग्रवाल, विवेक कश्यप, अभिषेक गर्ग, दीपक बख्शी, मीनू गुप्ता, एकता अग्रवाल, नीतू अग्रवाल, साधना जैन, सुमन जैन आदि सदस्य उपस्थित थे।

## आयुक्त ने सूदखोर से रुपए दिलवाकर दी कड़ी चेतावनी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।कैम्प कार्यालय में आयुक्त दीपक रावत ने शनिवार को जनसुनवाई कर मौके पर अनेक शिकायतों का समाधान किया। जन शिकायतों में अधिकांश शिकायतें, भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद व अतिक्रमण, सड़क, ब्याज में धनराशि देना आदि से सम्बन्धित आई। कई वर्षों से लम्बित भूमि विवाद की समस्याओं में धनराशि व भूमि वापस मिलने पर कुछ लोगों द्वारा आयुक्त का आभार व्यक्त किया। जनसुनवाई में आयुक्त ने कहा कि लोगों द्वारा ब्याज पर पैसा दिया जा रहा है जो कानूनी अपराध है जिन लोगों के पास साहूकारा लाईसेंस मिला है वो इस कार्य को कर सकते हैं। उन्होंने कहा ब्याज देने वाला सम्बन्धित से ब्लैंक चौक ले लेता है और उसमें धनराशि भी नही भरता है जो अनुचित है।जन सुनवाई में काफी समस्या विद्युत लाईन शिफ्टिंग के सम्बन्ध में आने पर आयुक्त ने आम जनता से अपील की है कि भवन निर्माण हेतु जो भूमि क्रय की जाती है यह सुनिश्चित कर लें कि भूमि में हाईटेंशन विद्युत लाईन तो नही जा रही है उस भूमि को क्रय ना की



जाए। जनसुनवाई में ममता निवासी हल्द्वानी ने बताया उसने चन्द्रभान से 24 हजार की धनराशि ब्याज पर ली थी जिसके एवज मे चन्द्रभान ने दो ब्लैंक चौक लिऐ थे। ममता द्वारा 28 हजार की धनराशि चन्द्रभान को वापस कर दी थी। लेकिन चन्द्रभान ने 56 हजार की मांग की थी। आयुक्त ने दोनो पक्षों को तलब कर चन्द्रभान से दो ब्लैंक चौक ममता को वापस दिलाया और चन्द्रभान से कहा कि भविष्य में ब्याजखोरी में लिप्त पाये जाने कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।जन सुनवाई में रामपुर रोड वृन्दावन विहार कालोनी वासियों द्वारा बताया कि गया कि उनके द्वारा वर्ष 2011 में कालोनी में प्लाट क्रय कर भवन निर्माण कर लिया है। लेकिन कालोनी स्वामी द्वारा कालोनी मे बडे–बडे गोदाम बना दिये है जिसमें सीमेन्ट,केमिकल आदि रखा जाता है। कालोनी मे बडे ट्रकों के वाहनों के आवागमन से कालोनी वासियों को दुर्घटना की सम्भवना बनी रहती है।कालोनी वासियों ने गोदाम का संचालन बन्द कराने की मांग की। जिस आयुक्त ने उपजिलाधिकारी को जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में फड एवं ठेला व्यवसायी द्वारा आयुक्त को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में व्यवसायी ने बताया कि उनका रोजगार बन्द हो गया है और परिवार के भरण पोषण में काफी परेशानी आ रही है। जिस आयुक्त ने कहा कि ठेला एवं फड़ में मादक पदार्थ सामग्री कतई ना बेची जाए। उन्होंने कहा जाचं के उपरान्त ही कार्यवाही की जायेगी। जनसुनवाई मे गीता देवी निवासी धान मिल ने बताया कि उसने जमीन खरीदी थी लेकिन भूस्वामी द्वारा रजिस्ट्री नही की जा रही है। एक लाख की धनराशि दे दी गई। आयुक्त ने दोनो पक्षों आगामी जनसुनवाई मे साक्षय के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिये। सुरेन्द्र निवासी हल्द्वानी ने पारिवारिक समस्या से अवगत कराया। दयाशंकर निवासी किच्छा ने कहा ग्राम बरा मे पटटे की भूमि का विनयमिती करण कराने, जगदीश चन्द्र निवासी गैबुआ ने भूमि विवाद सुलझाने, डुंगर ढोलगाई निवासी हल्द्वानी ने चोरगलिया में भूमि क्रय की थी लेकिन भूमि का पैमाइश कम होने की शिकायत की। जनसुनवाई में आयुक्त द्वारा अधिकांश शिकायतों का मौके पर समाधान किया शेष समस्याओं हेतु दोनो पक्षों को साक्ष्यके साथ आगामी जन सुनवाई में उपस्थित होने के निर्देश दिये।

## वेद ठुकराल ने केन्द्रीय मंत्री टम्टा से की भेंट

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ भाजपा नेता वेद ठुकराल ने दिल्ली जाते समय केन्द्रीय मंत्री अजय टम्टा से भेंट की। वेद ठुकराल ने बताया कि दिल्ली जाते समय केन्द्रीय सड़क एवं परिवहन राज्य मंत्री अजय टम्टा ने उन्हें फोन कर कहा कि वह उनसे भेंट करना चाहते हैं। जिसके बाद उन्होंने अजय टम्टा से मुलाकात कर उनका स्वागत किया और वर्तमान राजनैतिक हालातों सहित कई विषयों पर चर्चा की। वेद



ठुकराल ने केंद्रीय सडक परिवहन राज्य मंत्री से सरदार भगत सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय से लेकर आर्क होटल, आर ए एन स्कूल, बत्रा कॉलोनी, बलवंत कॉलोनी तक सर्विस रोड बनाने की मांग भी की जिसे उन्होंने तत्काल बनाने का आश्वासन दिया। वेद ठुकराल ने मुलाकात के बाद कहा कि आज बड़े मुकाम पर पहुंचने के बावजूद केन्द्रीय मंत्री अजय टम्टा पुराने साथियों को नहीं भूले हैं, यह उनकी महानता है।

## चोरी और गुम हुए मोबाइल मिलने से लौटी चेहरों पर मुस्कान

गदरपुर(उद संवाददाता)। पुलिस द्वारा पिछले कुछ दिनों में उपभोक्ताओं के गायब हुए 21 मोबाइलों को तलाश कर उनके मालिकों को सौंप दिया है। शनिवार शाम जब लोगों को अपने खोए और लूटे गए मोबाइल मिले तो उनके चेहरे पर मुस्कान आ गई। गदरपुर एसओ जसवीर सिंह चौहान ने बताया कि फोन गायब या चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद पुलिस जांच में जुट जाती है। मार्च में एक पोर्टल सेंट्रल एक्यूपमेंट आईडेंटीफाई रजिस्टर लॉच हुआ था, जिसमे पुलिस द्वारा सभी खोए हुए मोबाइलों का डाटा सेव किया जाता है, और सिम डालते ही मोबाईल की लोकेशन आ जाती है। इसके अलावा गुम हुए मोबाइल की तलाश के लिए निरंतर अभियान चलता रहता है। मोबाईल फोन का डाटा पोर्टल में अपलोड कर सीईआईआर पोर्टल पर निगरानी रखते हुए, विभिन्न कम्पनियों के मोबाइल फोन



जो थाना क्षेत्रान्तर्गत से भिन्न–भिन्न तिथियों को गुम हुए थे, 21 मोबाईल फोन को विगत एक माह में बरामद कर मोबाईल फोन के स्वामियों /आवेदकों को सुपुर्द किये गये। कुल 41 मोबाइल अब तक दे चुके हैं। इसके अतिरिक्त एसओ जसवीर सिंह चौहान ने जनता को जागरूक करने के लिए मीडिया के माध्यम से यह भी संदेश कि हमें अपने मोबाइल का स्वयं भी ध्यान भी रखना चाहिए।

## वैश्य महासभा 6 सितंबर को निकालेगी आमंत्रण वाहन रैली

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। वैश्य महासभा द्वारा आयोजित श्री गणेश महोत्सव 2024 के शुभ अवसर पर युवा वैश्य महासभा हल्द्वानी द्वारा हिन्दू धर्मशाला रामपुर रोड़ में एक बैठक आयोजित की गयी है। जिसमें आगामी 7 सितम्बर से श्री रामलीला मैदान में आयोजित श्री गणेश महोत्सव 2024 की तैयारियों के सम्बन्ध में कार्यक्रम की रूपरेखा को सभी के समक्ष प्रस्तुत किया और उपस्थित सभी लोगों को कार्यक्रम को भव्य एवं सफल बनाने हेतु आग्रह किया गया। श्री गणेश महोत्सव के आगाज के अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी युवा वैश्य महासभा द्वारा 6 सितम्बर को भव्य आमन्त्रण वाहन रैली का आयोजन किया जाएगा। अध्यक्ष



अतुल जायसवाल व मंच पर उपस्थित पदाधिकारियों ने युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आवाहन किया। बैठक का संचालन महामंत्री कपिल अग्रहरि ने किया। बैठक में वैश्य महासभा कोषाध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष विजय गुप्ता, रूपेन्द्र नागर, विनीत अग्रवाल, रजत माहेश्वरी, उमेश गुप्ता, सुमित केसरवानी, लोकेश साहू, अक्षत अग्रवाल, डॉ पंकज अग्रवाल, रमेश केसरवानी, वीरेन्द्र जायसवाल, अनुज देवल, सुनील माहेश्वरी, सोशल मीडिया प्रभारी यश गुप्ता, वैभव गुप्ता, अभिषेक गुप्ता समेत अनेक युवा साथियों की उपस्थिति रही।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## भारत-चीन सीमा विवाद

भारत और चीन के बीच विवादित सीमा क्षेत्रों में शांति और स्थिरता बहाल करने के मकसद से बेजिंग में हुई परामर्श और समन्वय के लिए कार्यतंत्र यानी डब्लूएमसीसी की इकतीसवीं बैठक निस्संदेह आशाजनक कही जा सकती है। इस बैठक में दोनों पक्षों ने इस बात पर जोर दिया कि सीमा पर तनाव को कम करने और लंबित मुद्दों का समाधान खोजने के लिए ऐसी बातचीत बेहद जरूरी है, जो स्पष्ट, रचनात्मक और भविष्य की जरूरी संभावनाओं के प्रति उन्मुख हो। यह बैठक दरअसल, पिछले महीने दोनों देशों के विदेश मंत्रियों की आसियान और शंघाई शिखर सम्मेलन के दौरान हुई मुलाकातों में सीमा विवाद को सकारात्मक ढंग से निपटाने को लेकर बनी सहमति के आधार पर बुलाई गई थी। भारत-चीन सीमा विवाद पुराना है, मगर चार साल पहले गलवान घाटी में दोनों देशों के सैनिकों के बीच हुए संघर्ष के बाद कड़वाहट बढ़ गई थी। वह तनाव अभी पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। तब से लेकर अब तक इसे सुलझाने के लिए राजनयिक और सैन्य स्तर की कई बैठकें हो चुकी हैं। ताजा बैठक उसी की कड़ी थी। इसे सकारात्मक रुख माना जाना चाहिए कि चीन ने कभी सीमा विवाद को सुलझाने के लिए बातचीत से खुद को अलग नहीं किया। कुछ मौकों पर तो खुद चीन के सैन्य अधिकारियों ने भी बैठक बुलाई और उसके सकारात्मक नतीजे भी देखने को मिले। अगर चीन सचमुच सीमा पर शांति और स्थायित्व का पक्षधर है, तो उससे लचीले रुख की अपेक्षा स्वाभाविक है। दरअसल, अनेक मौकों पर देखा गया है कि बैठकों में तो चीन के अधिकारी सकारात्मक रुख जाहिर करते हैं, पर व्यवहार में वहां की सेना विस्तारवादी नीतियों पर आगे बढ़ती नजर आती है। भारत की शिकायत अभी अपनी जगह बनी हुई है कि चीन ने भारत के हिस्से वाले भूखंड पर नजर गड़ाई हुई है। कई जगह उसने अवैध निर्माण तक की कोशिश की है। राजनीतिक स्तर पर भी चीन की रणनीति भारत को चारों तरफ से घेरने की ही देखी जाती रही है। वह भारत के पड़ोसी देशों में अपनी पैठ बना कर एक तरह से भारत पर सामरिक शिकंजा कसने का प्रयास करता देखा जाता है। दो देशों के रिश्ते पारदर्शिता पर ही टिकाऊ और स्थायी बन सकते हैं। ऐसा नहीं हो सकता कि विश्व मंचों और औपचारिक बैठकों में तो रचनात्मक संबंधों की जरूरत पर बल दिया जाए और व्यवहार में संदेह पैदा करने वाली गतिविधियां चलाई जाएं। पाकिस्तान, श्रीलंका, नेपाल और बांग्लादेश में उसने आर्थिक सहयोग के नाम पर जैसी गतिविधियां चलानी शुरू की हैं, वे भारत के लिए किसी भी रूप में रचनात्मक नहीं कही जा सकतीं। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में दबदबा कायम करने के लिए चीन ने जिस तरह की सामरिक बाड़बंदी की है, वह भी भारत के लिए चिंता का विषय है। इन सबके बावजूद भारत व्यापारिक मामलों में चीन का एक बड़ा सहयोगी है। इसलिए केवल कूटनीतिक स्तर पर समन्वय का आदर्श पेश करने के बजाय जब तक वह व्यावहारिक धरातल पर भारत के मामले में विस्तारवादी नीतियों का त्याग नहीं करेगा, इसके सकारात्मक नतीजे निकलने मुश्किल बने रहेंगे।

# तीन महीने के लिए फिर बढ़ाया प्रशासकों का कार्यकाल

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में एक बार फिर प्रशासकों का कार्यकाल तीन महीने के लिए बढ़ा दिया गया है। बीते कई महीनों से निकाय चुनावों को लेकर कसरत चल रही है लेकिन अब भी इसको लेकर संशय बना हुआ है। जिस से लग रहा है कि निकाय चुनाव होने में अभी और देरी हो सकती है। प्रदेश में नगर निकाय चुनाव को लेकर संशय अब भी बना हुआ है। कुछ समय पहले जब सरकार निकाय चुनाव कराने के लिए कोई तारीख तय नहीं कर पाई थी तो मामला हाईकोर्ट पहुंच गया था। मामले की सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने प्रदेश में निकाय चुनाव जल्द से जल्द कराने के निर्देश दिए थे। जिसके बाद माना जा रहा था कि जल्द ही निकाय चुनाव हो सकते हैं।शुक्रवार को जारी एक आदेश के अनुसार एक बार फिर प्रशासकों का कार्यकाल बढ़ा दिया गया है।प्रशासकों का कार्यकाल अगले 3 महीने या बोर्ड के गठन होने तक के लिए बढ़ा दिया गया है। बता दें कि एक दिसबंर 2023 को नगर निकायों के बोर्ड का कार्यकाल पूरा हो गया था। जिसके बाद जिलाधिकारियों को प्रशासक के तौर पर नियुक्त कर दिया गया था। बतौर प्रशासक जिलाधिकारियों का छह महीने का कार्यकाल भी 31 मई 2024 को पूरा हो गया था। जिसके बाद सरकार के सामने संवैधानिक संकट की स्थिति पैदा हो गई थी। ऐसे में एक बार फिर प्रशासकों का कार्यकाल फिर से तीन महीने के लिए बढ़ा दिया गया है।



## ऊधमसिंह नगर के डीएम उदयराज सिंह को मिला तीन माह का सेवा विस्तार

देहरादून। ऊधमसिंह नगर के डीएम उदयराज सिंह को सेवा विस्तार मिला है। अब वह तीन माह तक और अपनी सेवाएं डीएम के रूप में जिले में देंगे। अपर मुख्य सचिव कार्मिक ने इसकी पुष्टि की है। डीएम उदयराज शनिवार को सेवानिवृत्त हो रहे थे। उन्हें सेवानिवृत्त पर ही तीन महीने का सेवा विस्तार दिया गया है। वह अभी तीन माह और डीएम के तौर पर ऊधम सिंह नगर जिले में सेवाएं दे सकेंगे।गौरतलब है कि डीएम उदयराज सिंह को 29 जून 2023 को जिलाधिकारी बनाया गया था। कार्यभार ग्रहण करने के बाद जनपद में उन्होंने सक्रिय कार्यप्रणाली से विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने के साथ ही जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशीलता से कार्य कर रहे है। डीएम उदयराज के अनुसार जनपद में कराये जा रहे विकास कार्यों का काम अभी अधूरा है जिन्हें शीघ्र पूर्ण किया जायेगा।

# सीएम धामी का किच्छा में होगा जोरदार स्वागत: शुक्ला

किच्छा(उद संवाददाता)। पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय एनडी तिवारी के बाद उत्तराखंड में विकास की गाथा लिखने का कार्य वर्तमान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा किया जा रहा है। उक्त उदगार पूर्व भाजपा विधायक राजेश शुक्ला ने यहां अपने कार्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता में व्यक्त किए । उन्होंने कहा है कि राजनीतिक परिदृश्य से हटकर यदि उत्तराखंड के विकास की बात की जाए तो पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय एन डी तिवारी की दूरदर्शिता को देखते हुए पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेई ने उत्तराखंड के उधम सिंह नगर जनपद में सिडकुल की स्थापना करके उत्तराखंड के विकास में मिल का पत्थर रखा था उसे मील के पत्थर को संभालने सजाने का कार्य वर्तमान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा बखूबी किया जा रहा है । मुख्यमंत्री द्वारा भी वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उधम सिंह नगर के खुरपिया में औद्योगिक स्मार्ट सिटी बनवाकर प्रदेश के लोगों को



रोजगार परक संसाधन देने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय एनडी तिवारी का भी सपना उत्तराखंड के लोगों के लिए रोजगार परक संसाधन विकसित करना था जिसको लेकर पुष्कर सिंह धामी भी तन मन से प्रयासरत हैं। उन्होंने आगे कहा कि पुष्कर सिंह धामी द्वारा खुरपियां फॉर्म को औद्योगिक स्मार्ट सिटी बनाए जाने को लेकर शीघ्र ही उनका आभार अभिनंदन कार्यक्रम नगर में आयोजित कराया जाएगा। जिसके लिए कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है तथा मुख्यमंत्री कार्यालय से समय मिलते ही आभार अभिनंदन कार्यक्रम की घोषणा करते हुए आम नागरिकों को अवगत करा दिया जाएगा । स्मार्ट सिटी बनाकर विकास की गाथा लिखने का काम पुष्कर सिंह धामी ने करके साबित कर दिया है कि उत्तराखंड को विकास के रास्ते पर ले जाया जा रहा है। शुक्ला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में संचालित भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरकार के जन कल्याणकारी विकास कार्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कैबिनेट ने पूरे भारत में 10 शहरों में 12 स्थानों पर इंडस्ट्रियल स्मार्ट सिटी स्थापित करने का निर्णय लिया है। इस अवसर पर राजेश शुक्ला के साथ वरिष्ठ भाजपा नेता धर्मराज जायसवाल भी मौजूद थे।

# जिलाधिकारी ने ली अधिकारियों की समीक्षा बैठक

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने शनिवार को जिला सभागार में मासिक समीक्षा बैठक करते हुए विभागों को आवंटित लक्ष्यों की पूर्ति में तेजी लाते हुए अपेक्षित प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संग्रह वसूली में विविध देयकों, राजस्व,व्यापार कर, विद्युत ,बैंक, मोटर देय एवं बड़े बकायदारों के साथ ही राजस्व वाद की गहनता से समीक्षा की जिलाधिकारी ने राजस्व वाद, फौजदारी, सिविल,और अभियोजन से सम्बंधित वादों की समीक्षा कर पुराने लम्बित वादों के निस्तारण में तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए। मासिक समीक्षा बैठक में विभागों द्वारा विभागीय लक्ष्यों एवं योजनाओं की प्रगति का ब्यौरा जिलाधिकारी को दिया। वही डीएम ने राजस्व वसूली एवं अन्य देयकों की वसूली में तेजी लाने को कहा। जिलाधिकारी ने आबकारी विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि शराब की कीमत से अधिक मूल्य वसूलनेअवैध रूप से शराब की विक्री, और विभिन्न बारों में नियमों का कड़ाई से पालन होने, किसी भी प्रकार की शिकायत न मिले अधिकारी इस पर ध्यान देने के निर्देश दिए।। जिलाधिकारी ने सभी



अधिकारियों को सेवा का अधिकार अधिनियम के तहत नागरिकों को दी जाने वाली ऑनलाइन सेवाओं का लाभ तय समय के भीतर देने के भी निर्देश दिए। परिवहन विभाग की समीक्षा के दौरान सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी के बैठक में उपस्थित न रहने पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए एआरटीओ को कारण बताओं नोटिस देने के निर्देश अपर जिलाधिकारी को दिए। उन्होंने कहा कि ओवर लोडिंग एवं नशे की हालत में वाहन चलाने वालों पर चालानी कार्रवाई की जाय तथा रात्रि में भी वाहनों की चौकिंग के लिए संयुक्त चौकिंग अभियान किया जाय। उन्होंने नाबालिकों के वाहन चालने पर तत्परता से चौकिंग अभियान चलाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने खनन क्षेत्रों में उपजिलाधिकारियों के साथ भी संयुक्त चौकिंग अभियान चलाने को कहा। उन्होंने श्रम विभाग की समीक्षा करते हुए रजिस्ट्रेशन बढाने व श्रमिकों के पंजीकरण एवं टूल किट वितरण को ब्लॉक स्तर पर कैंप लागने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, खाद्य सुरक्षा, खनन,नगर निकाय सहित कई विभागों की समीक्षा की।बैठक में उपजिलाधिकारी मोनिका, अनुराग आर्या, ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी सीमा भेतवाल, जिला पूर्ति अधिकारी मनोज कुमार बर्मन, शासकीय अधिवक्ता जीबी उपाध्याय, बसन्त बल्लभ पाठक, परिवहन कर अधिकारी हरीश रावल, तहसीलदार गरुड़ निशा रानी, दुगनाकुरी प्राची बहुगुणा, कपकोट नीतीशा आर्या, कांडा रितु गोस्वामी, खान अधिकारी जिज्ञासा बिष्ट,मुख्य प्रशासनिक अधिकारी भगत सिंह भौर्याल, रमेश चंद्र आर्या सहित राजस्व व अनुभाग अधिकारी उपस्थित रहे।

# धर्म स्थानों की सुरक्षा के लिए करें पुख्ता इंतजाम: हरजिंदर सिंह

गदरपुर(उद संवाददाता)। गुरुद्वारा साहिबान में श्री गुरु ग्रंथ साहिब का सम्मान किए जाने एवं बेअदबी मामलों को रोकने के लिए शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी,धर्म प्रचार कमेटी श्री अमृतसर के उत्तराखंड सिख मिशन के काशीपुर क्षेत्र के प्रचारक भाई हरजिंदर सिंह द्वारा विभिन्न गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटियों से संपर्क करके विचार विमर्श किया गया । उत्तराखंड सिख मिशन काशीपुर के प्रचारक भाई हरजिंदर सिंह ने बताया कि उनके द्वारा गदरपुर, रुद्रपुर, दिनेशपुर के क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में प्रबंधकों एवं सेवादारों से संपर्क करके विचार विमर्श किया गया । उन्होंने बताया कि श्री अकाल तख्त साहब के आदेश के अनुसार गुरुद्वारा साहिब में हर 24 घंटे पहरेदारी यकीनी बनाने और विद्युत उपकरणों को किसी सेवादार की गैर मौजूदगी में बंद रखना तथा सीसीटीवी कैमरे चालू रखना की जानकारी दी गई। उन्होंने सभी संगत एवं गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटियों से गुरुद्वारा साहिब की सुरक्षा के लिए निवेदन किया। इस दौरान उन्होंने गुरुद्वारा माता साहिब कौर दिनेशपुर, आनंद खेड़ा ,दुर्गापुर, नेता नगर ,जयनगर ,कुंदन नगर, छतरपुर ,चांडीपुर ,श्रीरामपुर, लखीपुर , परफुल्ला नगर ,अमृत नगर ,मोतीपुर ,सरोवर नगर, बरेली नगर ,राजपुरा नंबर, एक और दो ,कनकटा नंबर एक और दो, सकैनिया, गुरुद्वारा श्री गुरु हरगोबिंदसर नवाबगंज, प्रेम नगर,अलखदेवा में संपर्क करके रहित मर्यादा से अवगत कराते हुए सहयोग का आह्वान किया।



# बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर सरकार का पुतला फूंका

## नए डॉक्टरों की तैनाती नहीं होने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया उपवास

बागेश्वर(उद संवाददाता)।जिले की स्वास्थ्य सेवाएं अत्याधुनिक करने के दावे पर कांग्रेस ने सवालियानिशान उठाते हुए केवल सरकारी धनराशि का दुरुपयोग करने, और मरीजों को सभी प्रकार की सुविधाए अस्पताल में ही उपलब्ध कराने के दावे को कांग्रेस ने झूठा करार दिया।वही करोड़ो रूपये की लागत से सरकारी धन का दुरुपयोग करने के आरोप लगाते हुए इसकी उच्चस्तरीय जांच के बाद मामले की सीबीआई जांच की मांग उठाई है।वही जिले से सात वरिष्ठ चिकित्सकों के आपदा काल में तबादला करने तथा तबादला आदेश में किसी भी प्रतिस्थानी को तैनाती नही देने पर कड़ी नाराजगी जताई है।नए डॉक्टरों की तैनाती नहीं होने पर कांग्रेस ने कड़ी आपत्ति जताते हुए नाराज कार्यकर्ताओं ने विरोध मेंजिला अस्पताल में एक दिन का उपवास रखा। जल्द यहां डॉक्टरों की तैनाती करने, प्रतिस्थानी डॉक्टर के आने तक यहां से डॉक्टरों को रिलीव नहीं करने की मांग प्रमुखता से उठाई। मांगों की अनदेखी करने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। जिलाध्यक्ष भगवत सिंह डसीला के नेतृत्व में कार्यकर्ता जिला अस्पताल में एकत्रित हुए।वही कांग्रेस जिला महामंत्री और नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष कवि जोशी ने मामले में कड़ा विरोध जताते हुए भाजपा सरकार और जनप्रतिनिधियों द्वारा जिला अस्पताल को अत्याधुनिक सेवाओं से युक्त करने का दावा कर सरकार से करोड़ो रूपये की धनराशि स्वीकृत कराकर पुराने अस्पताल भवन को जगह जगह पुनर्निर्माण कर उसे नवीनीकृत कर अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त बनाने के दावे पर सवालिया निशान उठाते हुए शासन द्वारा जारी राशि से किसी दूसरी जगह पर आलीशान और अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त अस्पताल बनने के दावा करते हुए बनाए जा रहे पुनर्निर्माण की सीबीआइ जांच की मांग की है। साथ ही जल्द जिला अस्पताल सहित अन्य अस्पतालों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति और अन्य मांगों को पूरा नही करने पर आमरण अनशन करने की चेतावनी दी है। कांग्रेसी कार्यकर्ताओं नेविरोध जताते हुए जिला अस्पताल के समीप ही सड़क पर सरकार का पुतला दहन कर नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। इसके बाद परिसर में एक दिवसीय उपवास पर बैठ गए। यहां हुई सभा में पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण, जिपं सदस्य हरीश ऐठानी, राजेंद्र परिहार ने कहा कि एक तरफ अधिकारियों को आपदा काल में फोन बंद नहीं करने, 24 घंटे अलर्ट रहने के निर्देश दिए जा रहे हैं, वहीं दूसरी और सात डॉक्टरों के तबादले एक साथ कर दिए। उसमें से तीन डॉक्टरों को बगैर प्रतिस्थानी के रिलीव भी कर दिया। यहां के लोगों को राम भरोसे छोड़ दिया है। जिले में रेडिलोजिस्ट, कार्डियोलोजिस्ट तथा न्यूरो सर्जन की तैनाती की मांग की।



# सितारगंज के सितारे बनके चमके एसडीएम आशीष और अबरार

## पीसीएस में आशीष का 2024 में चयन 2022 में अबरार अहमद बने थे एसडीएम

-हनीफ बाबा-

सितारगंज। आशीष जोशी पीसीएस की परीक्षा में टॉपर आए है। उनकी यह कामयाबी गौरव के पल है। जिसे हर कोई खासकर युवा प्रेरणा में हमेशा याद रखेंगे। इससे दो साल पहले नगर के ही अबरार अहमद अंसारी ने पीसीएस की परीक्षा में सफल होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया था। नगर क्षेत्र से पिछले दो वर्षो में पीसीएस की परीक्षा में उत्तीर्ण होकर आशीष जोशी, अबरार अहमद अंसारी एसडीएम बने है। दोनों ही लोगों ने पीसीएस की परीक्षा पास कर यह साबित कर दिया कि निरंतरता ही सफलता है। दोनों युवा अधिकारी पीसीएस की परीक्षा की तैयारी करने वाले युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है। वर्ष 2024 की पीसीएस परीक्षा में टॉप आए आशीष जोशी ने फैशन डिजाइनर के बाद समीक्षा अधिकारी, नायब तहसीलदार की परीक्षा उत्तीर्ण की थीं। जिसके बाद उन्होंने फेसबुक, इंस्टाग्राम और सोशल मीडिया से दूरी बनाकर कड़ी मेहनत से





पीसीएस की परीक्षा में टॉप कर क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया। वहीं वार्ड नंबर 2 निवासी अबरार अहमद अंसारी वर्तमान में जिला चमोली के थिरौली परगना के उप जिलाधिकारी पद पर नियुक्त है। अबरार अहमद अंसारी ने वर्ष 2010 में नायब तहसीलदार की परीक्षा पास की थी। इससे पहले अबरार अहमद अंसारी शिक्षा विभाग जीआईसी में शिक्षक के पद पर नियुक्त हुए थे। वर्ष 2022 में अबरार अहमद अंसारी ने कड़ी मेहनत और लगन के बाद पीसीएस की परीक्षा पास कर एसडीएम का सफर तय किया। सितारगंज नगर निवासी दोनों युवा अधिकारी अलग अलग पीसीएस की परीक्षा में सफलता का मुकाम हासिल करने के बाद सितारगंज के सितारे बनके चमके हैं। जिनसे युवा वर्ग सफलता की प्रेरणा ले रहा है।

## सितारगंज पहुंचने पर पीसीएस टॉपर आशीष का भव्य स्वागत

सितारगंज (उद संवाददाता)।उत्तराखंड पीसीएस की परीक्षा में टॉपर आए नगर निवासी आशीष जोशी का नगर में पहुंचने पर परिजनों, समाजसेवियों और नगरवासियों ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल रहा। नगर के वार्ड नंबर 11 निवासी पीसीएस परीक्षा के टॉपर आशीष जोशी शनिवार की शाम परिवार के साथ अपने नगर स्थित आवास पर पहुंचे। जिसकी सूचना मिलते ही उनके स्वागत में परिजनों के साथ ही समाजसेवी और नगरवासियों का हुजूम उमड़ पड़ा। यहां पहुंचे लोगों ने आशीष जोशी का फूल माला पहनकर भव्य स्वागत किया। इस दौरान आशीष जोशी के परिजनों ने उनकी आरती उतारी। यह माहौल देख परिजन भावुक हो गए। इस दौरान राज्य आंदोलनकारी फकीर सिंह कन्याल ने कहा कि आशीष जोशी ने पीसीएस की परीक्षा में टॉप कर राज्य के साथ ही क्षेत्र का नाम रोशन किया है। आशीष जोशी युवाओं के प्रेरणा स्रोत हैं। इस मौके पर इस मौके पर खजान चंद्र जोशी, उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी फकीर सिंह कल्यान, ठाकुर मानवेंद्र सिंह, गोपाल सिंह बिष्ट, मृदुल त्रिपाठी,धर्मेंद्र चौधरी, संजय जोशी, भुवन गरकोठी, डीके पंतोला, जगदीश गुरुरानी, प्रकाश भट्ट आदि लोग थे।



# जिले में बेलगाम हो चुकी है पुलिस: बेहड़

गदरपुर( उद संवाददाता) किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ ने तस्लीम जहां के परिजनों से मुलाकात की। वही बेहड़ ने समाजसेवी निपुण गगनेजा के





निवास पर भी पहुंचकर परिजनों का ढांडस बंधाया। उसके बाद तेजा फोजा रोड पर संजीव झाम के प्लांट अर्जुन सीड्स पर तिलकराज बेहड़ पत्रकारों से रूबरू हुए विधायक बेहड़ ने कहा कि तस्लीम जहां हत्याकांड को विधानसभा सत्र में भी उनके द्वारा उठाया गया है और न्याय की मांग की । रविवार को गदरपुर पहुंचे तिलकराज बेहड़ ने नर्स तस्लीम जहां के परिजनों से मुलाकात करने के बाद पत्रकार वार्ता में बताया कि भाजपा सरकार बेलगाम हो गई है महिलाओं पर अत्याचार बढ़ रहे हैं जिले की पुलिस व्यवस्था ठप हो गई है। अंकिता भंडारी के मामले में भी अभी तक इंसाफ नहीं मिला। बेहड ने जिले के कप्तान पर भी गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि जिले की पुलिस बेलगाम हो गई है। यहां के कप्तान का वो हाल है क्या लेकर आया है और क्या देकर जायेगा। जिले में जमकर भ्रष्टाचार चल रहा है। तिलक राज बेहड ने भाजपा सरकार पर भी जमकर बाण चलाए। कहा कि प्रदेश में बलात्कार और आपराधिक घटनाएं बढ़ रही है जिस पर अंकुश लगाने में सरकार नाकाम साबित हो रही है । वही संजीव झाम व लीना संजीव झाम द्वारा विधायक तिलकराज बेहड़ को स्मृति चिन्ह देकर भी सम्मानित किया गया। इस दौरान यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर,पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन,नगर अध्यक्ष सिद्धार्थ भुसरी, ममता हालदार, अनिल सिंह, किशोर हालदार, दीपक बेहड़, सत्यम सिंह, मास्टर रामविलास,भीम ठुकराल, टेक चंद कंबोज आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सदस्यता अभियान कार्यशाला आयोजित

नानकमत्ता( उद संवाददाता)।भाजपा के सदस्यता अभियान के तहत नानकमत्ता विधान सभा में झनकट्ट मंडल की सौभाग्य पैलेस खटीमा में सदस्यता अभियान की कार्यशाला आयोजित हुई । सदस्यता अभियान विधान सभा संयोजक उमेश अग्रवाल ने बताया की सबसे पहिले 2 सितंबर को राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा,प्रधानमंत्री मोदी को सदस्यता दिलवाएंगे। इसके बाद सभी वरिष्ठ नेता , मंत्री सदस्यता ग्रहण करेंगे । उमेश



अग्रवाल ने बताया आज केंद्र केंद्र स्तर पर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता लेने के लिए भगदड़ मची हुई है हर बड़ा नेता भाजपा की सदस्यता लेने की होड़ में लगा है। श्री अग्रवाल ने कहा कि युवाओं में भाजपा के प्रति सदस्य लेने के लिए भी खास लगाव है,मुख्य वक्ता सतीश गोयल ने बताया कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी ने 20 करोड़ से अधिक सदस्य बनाने का लक्ष्य रक्खा है सतीश गोयल ने विस्तार से सदस्यता ग्रहण करने की प्रक्रिया समझाई । सदस्यता अभियान कार्यशाला में मुख्य वक्ता सतीश गोयल, सदस्यता अभियान संयोजक उमेश अग्रवाल मंडल कार्यक्रम संयोजक भट्ट , मंडल अध्यक्ष विमला विष्ट, भुवन जोशी, किशोर जोशी , सपना राणा आदि उपस्थित रहे।

## पेज एक का शेष...

**जिंदगी की जंग लड़ने के...**साथ करें! भारत माता आपका इंतजार कर रही है। राष्ट्र का भविष्य आपके कंधों पर है। हमेशा राष्ट्रीय हित को प्राथमिकता दें। आपका आचरण अनुशासन, शिष्टाचार और सहानुभूति का उदाहरण होना चाहिए।कैडेट्स को संबोधित करते हुए, उपराष्ट्रपति ने आरआई एमसी के पूर्व छात्रों और समुदाय से आग्रह किया कि वे एक थिंक टैंक के रूप में कार्य करें और युवाओं में राष्ट्रीयता की भावना का संचार करें तथा उन लोगों के खिलाफ कदम उठाएं जो ग्राउंड रियलिटी से अज्ञात हैं और भारत की अद्वितीय आर्थिक वृद्धि, विकास यात्रा और वैश्विक मंच पर उन्नति को नहीं मानते। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के 10 दिसंबर 1962 को आरआईएमसी कैडेट्स को दिए गए भाषण की याद दिलाते हुए, उपराष्ट्रपति धनखड़ ने दोहराया, पृथ्वी बहादुरों की होती है, आत्मा में ताकत रखने वालों की होती है, आलसी और अक्षम लोगों की नहीं। इन महान आदर्शों को जीवन में धारण करें। कैडेट्स को कठिनाइयों के समय भी खड़ा रहने के लिए प्रेरित करते हुए, श्री धनखड़ ने कहा, मेरे प्रिय युवा कैडेट्स, आपकी व्यक्तिगत और पेशेवर यात्रा में, आप ऐसे क्षणों का सामना करेंगे जो आपको परखेंगे। ऐसे दिन आएंगे जब आपकी धैर्यता कम हो जाएगी और थकावट बढ़ेगी। विफलता के भय को विकास का सबसे बड़ा हत्यारा बताते हुए, श्री धनखड़ ने कैडेट्स से कहा जीवन में कभी विफलता से न डरें, यह सफलता की ओर एक कदम है। चंद्रयान मिशन की सफलता की कहानी का जिक्र करते हुए, उन्होंने कहा, ऐतिहासिक चंद्रयान मिशन को याद करें। इस अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ( से नि), राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज के कमांडेंट, कर्नल राहुल अग्रवाल, कैडेट्स, शिक्षकगण उपस्थित थे।

**सरकारी नौकरी दिलाने...**डाऊन लोड कर पुत्र को उपलब्ध करवाया। मीना का कहना है कि उससे नीरज तथा रामपाल ने अलग अलग बार में कुल 5,80,000 रूपये झूठ बोलकर अपने खाते में डलवा लिये तथा अपने रिश्तेदारों से कर्ज आदि लेकर 6 लाख रूपये नगद उनको दिये। बेटा रविन्द्र धामी, उत्तराखण्ड पब्लिक सर्विस कमीशन का पेपर देने देहरादून गया, बेटे के द्वारा दिये गये परीक्षा का परिणाम न आने पर रामपाल व उसकी पत्नी नीरज से सम्पर्क किया तो उनके द्वरा टाल मटोल की जाने लगी। सख्ती करने पर परीक्षा की एक फर्जी ओएमआर उत्तर शीट रामपाल द्वारा स्वंय भरकर उसे दी और कहा कि यदि वह उत्तर शीट है जो उनके द्वारा रविन्द्र धामी की परीक्षा शीट बदल कर दाखिल की गई है। जिससे रविन्द्र धामी परीक्षा उत्तीण कर लेगा फिर कुछ समय बाद परीक्षा परिणाम नहीं आने पर उक्त रामपाल बहाने बनाने लगा कि रविन्द्र धामी द्वारा परीक्षा के दौरान अंग्रेजी में हस्ताक्षर किए बल्कि परीक्षा फार्म में हिन्दी में हस्ताक्षर किए इसलिये उसकी परीक्षा का परिणाम रोक दिया गया है और पुलिस द्वारा ओएमआर शीट की जांच की जा रही है। दोनों ने उसे व उसके पुत्र को डराया गया कि अगर अपने बेटे को बचाना चाहते हो तो तुरन्त एक लाख रूपये का इन्तजाम करो नहीं तो रविन्द्र को पुलिस जेल में डाल देगी। डर कर उन्हें एक लाख रूपये दे दिये फिर बाद में रामपाल और नीरज ने पुत्र के मूल दस्तावेज जो परीक्षा फार्म भरनें के समय उनके द्वारा लिए गए थे वह भी वापिस देने के एवज में एक लाख रूपये ले लिए। आरोप है रामपाल व नीरज द्वारा फर्जी कागजात बना तथा दिखा कर सरकारी नौकरी का लालच देकर उससे धन हडप लिया गया है। जिसमेंउसकी पुश्तैनी जमीन भी बिक गई है और अब प्रार्थिनी के पास अब कोई जायदाद भी नहीं रह गई है प्रार्थिनी का मकान जो हंस विहार कालोनी में था उसे भी उक्त रामपाल व नीरज द्वारा हडप लिया गया है। पैसे वापिस मांगने पर दोनो द्वारा जान से मरवाने की धमकी दी जा रही है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

**एक और दुष्कर्म...** अध्यक्ष ने अपने ड्राईवर के माध्य से मारने की धमकी भी दी। धमकी वाट्सएप चैट पर भी दी गयी। महिला ने जान माल का खतरा बताते हुए न्याय की गुहार लगायी है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। थानाध्यक्ष दिनेश फर्त्याल का कहना है कि मामले में तहरीर मिली है, उसकी जांच महिला दरोगा को सौंपी गयी है। तहरीर देने वाली महिला को पूछताछ के लिए बुलाया गया है उसके बाद आगे की कार्यवाही की जायेगी। उधर अध्यक्ष मुकेश बोरा ने आरोपों को साजिश करार दिया है। उन्होंने कहा कि दुग्ध संघ के चुनाव में भी उनके खिलाफ इसी तरह से षड्यंत्र हुआ था लेकिन षड्यंत्रकारी सफल नहीं हुए थे अब इस तरह की हथकंडे अपना कर उनकी छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए अगर जांच में वह दोषी पाए जाए तो उन्हें फांसी पर चढ़ा दिया जाए। उन्होंने कहा कि इस महिला को आगे करके जो लोग उनके खिलाफ साजिश रच रहे हैं उनका भी पर्दाफाश होना चाहिए तथा उनके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई होनी चाहिए ।

**खटीमा गोलीकांड की बरसी...**अनुसूचित जाति के लोगों के जीवन को आर्थिक और सामाजिक रूप से मजबूत बनकर ही उत्तराखंड के विकास के सपने को साकार किया जा सकता है। उन्होंने कहा हम हर संभव प्रयास करेंगे कि अनुचित समाज का कोई भी वर्ग विकास की राह में पीछे ना रह जाए। साथ ही उन्होंने विश्वास दिलाया कि वह स्वयं अनुसूचित जाति के युवाओं महिलाओं बुजुर्गों के उत्थान के लिए विकास के लिए दृढ़ संकल्प के साथ कार्य कर रहे हैं। डॉ संजय दिवाकर एवं उत्तम विश्वास ने अनुसूचित जाति के बच्चों के लिए एकीकृत शैक्षिक संस्थान जिसमें आईटीआई पॉलिटेक्निक की शिक्षा समाज के लोगों को प्रदान की जा सके खोलने की मांग की, जिसको लेकर मुख्यमंत्री ने सकारात्मक निर्णय लेने का आश्वाशन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख रंजीत सिंह नामधारी एवं संचालन बीजेपी नगर महामंत्री मनोज वाधवा एवं संजय दिवाकर ने संयुक्त रुप से किया। कार्यक्रम में अस्सिटेंट प्रोफेसर डॉ संजय दिवाकर एवं डॉक्टर उत्तम कुमार ने हिमालय पर लिखी पुस्तिका पुष्कर सिंह धामी को भेंट की। इस अवसर पर रूद्रपुर विधायक शिव अरोड़ा, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी,प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, जिला महामंत्री सतीश गोयल, जिला अध्यक्ष कमल जिंदल ,राज्य मंत्री उत्तम दत्ता, नगर अध्यक्ष जीवन धामी, प्रवीण कोहली, अमित कुमार, इकबाल, सोनी देवी, मीना देवी, शिव प्रसाद, हरि प्रसाद, कपिल देव, करमजीत आदि उपस्थित थे।

**किशोरी से दुष्कर्म...** मुकदमा दर्ज होने के बाद शनिवार रात पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। वहीं स्थानीय लोगों के भारी विरोध के बीच पार्टी के संगठनात्मक जिले रानीखेत की अध्यक्ष लीला बिष्ट ने अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए बोरा को पद एवं पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया है। बिष्ट ने कहा है मंडल अध्यक्ष पर लगे आरोप गंभीर हैं। इसलिए जब तक उन्हें न्यायालय दोषमुक्त नहीं कर देते तब तक उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा, आरोप वास्तव में गंभीर हैं। इस मामले में जब तक न्यायालय का आदेश नहीं आ जाता तब तक मंडल अध्यक्ष को उनके पद से निष्कासित कर दिया गया है।

**गाड़ी दिलाने के ..**पर खीची हुई गाडियां आती है और उन गाडियों को सस्ते रुपयों में नीलाम कर देते हैं। शमशेर सिंह का कहना है उसने आशीष को गूगल पे फोन पे के माध्यम से कुल सात लाख चौसठ हजार नौ सौ चौरानब्बे रुपये दे दिये । रकम आशीष ने गाडी की कीमत व उसके रजिस्ट्रेशन के नाम पर प्राप्त की। आशीष द्वारा आश्वासन दिया गया कि छह सप्ताह के अन्दर गाडी आपके नाम रजिस्ट्रेशन कराकर डिलीवर कर दी जायेगी। जब छः सप्ताह बीत जाने के बाद भी उसे गाडी प्राप्त नहीं हुई तो आशीष के मोबाईल नम्बर पर सम्पर्क किया गया तो वह टाल मटौल करता रहा। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**अमेरिका की नागरिकता...**उसकी पत्नी रमन जिनका आफिस नरेन्द्र सिंह टूर एण्ड ट्रेवल्स, काशीपुर बाईपास रोड रूद्रपुर में है से हुई। उन्होंने बताया कि कई लोगो को सिटीजनशिप दिलवा दी है। कई लोग विदेशो में नागरिकता लेकर रह रहे हैं। तुम्हें खर्चे के लिए बीस लाख रूपये देने होगें। सुरेंद्र सिंह का कहना है उसने नरेन्द्र सिंह व उसकी पत्नी रमन को अलग अलग बार में कुल 11,90,018.88 रूपये दिये। उन्होंने आश्वासन दिया कि एक माह के भीतर आपको पीआर मिल जायेंगा। नरेन्द्र सिंह व उसकी पत्नी रमन द्वारा उसके साथ धोखाधडी करते हुये ठगी की गई है।

**मुर्गे की टांग तोड़...**वह खेतो से भागकर थाना बाजपुर पहुँची और खबर दी। हमलावरों ने उसके घर का दरवाजा किवाड तोड दिया। पुलिस को सूचना देने से रोकने के लिए मोबाईल छीना व तोड दिया तथा नाक में पहना सोने का फूल व गले का मंगल सूत्र छीन लिया। उसके नाबालिग बच्चो को फैका व मारा पीटा। घर में झगडा कराने के लिए पति को भडकाकर उसका घर बिगाड दिया। लक्ष्मी का आरोप ही एक हमलावर नशा करके संगीन वारदात करता है । इस सम्बन्ध में पूर्व में भी प्रभारी चौकी बन्नाखेडा बाजपुर में शिकायत की परन्तु कोई कार्यवाही नहीं की गयी है जिससे उसके हौसले बुलन्द हो गये हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**तीन साल के ..**बच्चे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने मासूम को मृत घोषित कर दिया। परिजन मासूम के शव को घर ले गए।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# धूमधाम से मनाया श्री कृष्ण की छठी का उत्सव

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।ग्राम सभा कीरतपुर की कॉलोनी धामा एन्क्लेव में तेजपाल राणा के यहाँ भगवान श्री कृष्ण जी के छठी उत्सव के पावन अवसर पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल द्वारा विधिवत रूप से श्रीकृष्ण भगवान जी की पूजा अर्चना कराई गई। इस दौरान पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने भगवान श्रीकृष्ण जी से संबंधित धार्मिक जानकारियां यहाँ पर उपस्थित समस्त क्षेत्र वासियों एवं कॉलोनी वासियों के साथ साझा की इस अवसर पर वहाँ पर उनके छोटे अनुज संजय ठुकराल समाजसेवी एवं अजय नारायण, राजू भूसरी, सुरेंद्र



सिंह सरजू, गौरव सोलंकी,ललित बिष्ट, ,सुशील कुमार ,तेजपाल राणा, दिलरंजय सिंह, प्रेम शाक्य, नीरज राणा, सैलेश यादव , महेश चौहान, एस ऐन वर्मा, सुरेंद्र सिंह , सुरेंद्र कुमार, विजय शर्मा, दिलशेर जी, संदीप , विपिन सैनी, विजय शर्मा, दिनेश चौहान, नरेंद्र रावत, अनिल लोहनी, जी एस नेगी, भारत नेगी, राकेश जी, नंद किशोर पांडे,मनोज शर्मा, किशोर यादव, कविता ,वीना भट्ट, प्रिय यादव, सोनिया, ममता, अमनदीप कौर, पुष्पा पांडे, मीनू, रुली सिंह, शुष्मा, पूनम आदि मौजूद रहे।

## विशाल शिव जागरण आज रात्रि

रूद्रपुर । श्री शिव कांवर सेवा दल की ओर से 14वां विशाल शिव जागरण आज रात्रि आदर्श कालोनी में आयोजित किया जायेगा। जानकारी देते हुए मनोज आर्या ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी श्री शिव कांवर सेवा दल की ओर से विशाल शिव जागरण एवं भंडारा आयोजित किया जा रहा है। शिव जागरण का शुभारम्भ रात्रि नौ बजे होगा। जागरण में भजन गायक डी के राजा, सचिन सुरीला, अमन सांवरिया एवं डम्पी चोपड़ा अपने मधुर भजनों से भगवान शिव का गुणगान करेंगे। दो सितम्बर को प्रातः विशाल भंडारा आयोजित किया जायेगा। उन्होंने सभी धर्मप्रेमियों से जागरण और भंडारे में पहुंचने की अपील की है।

# सुभाष व्यापारी बने बंगाली समाज मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष

गदरपुर(उद संवाददाता)। आम आदमी पार्टी ने सुभाष व्यापारी को बंगाली समाज मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया। जिससे उनके समर्थकों में खुशी की लहर है। सुभाष व्यापारी ने बताया कि उनकी मेहनत निष्ठा और लगन को देखते हुए पार्टी हाईकमान ने उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी पूरी मेहनत के साथ नए संगठन के लिए काम करेगी और जनहित के लिए हमेशा आम आदमी की आवाज को बुलंद करेगी। इस दौरान सुभाष व्यापारी को सोशल मीडिया पर भी सैकड़ो लोगों द्वारा बधाई दी गई, सुभाष व्यापारी ने बंगाली समाज मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।



# रात्रि गलियों में घूम रहे संदिग्ध लोग, पुलिस से की शिकायत

गदरपुर(उद संवाददाता)। एक तरफ नगर में चोरियों का ग्राफ बढ़ रहा है तो वहीं दूसरी ओर नगर की गलियों में कुछ संदिग्ध लोग देर रात्रि तक घूम रहे हैं । ऐसा ही एक मामला 30 अगस्त रात्रि लगभग 12:30 बजे का है जहां वार्ड नंबर 7 निवासी सत्यम गुंबर पुत्र विजय कुमार अपनी शॉप से वापस आ रहे थे और अपनी गली में मुड़े तो उन्होंने देखा कि दो अज्ञात लोग जो हाथ में सरिया ईट और एक ड्रिल मशीन सा यंत्र लिए किसी स्कूटी का लॉक तोड़ रहे थे । सत्यम ने गली में मुड़ने की कोशिश की तो उनमें से एक युवक ने सत्यम के ऊपर सरिया फेंक कर मारा इससे सत्यम तो बच गया । लेकिन उनका मोबाइल गिरकर टूट गया। सत्यम ने पूरे प्रकरण की लिखित शिकायत थाना गदरपुर में की। उन्होंने बताया कि थाने में एक उप निरीक्षक से उनकी बात हुई जो मामले की लीपापोती करते हुए बोले आपको तो कुछ नहीं हुआ। पुलिस की ओर से उन्हें जांच का भी कोई भी आश्वासन नहीं मिला।

# मोनाड पब्लिक स्कूल ने आयोजित की मिनी मैराथन दौड़

गदरपुर(उद संवाददाता) । मोनाड पब्लिक स्कूल की ओर से रविवार को मोनाड मिनी मैराथन का आयोजन किया गया जिसमें करीब 250 बच्चे उनके अभिभावक एवं स्टाफ के लोग शामिल हुए। इस कार्यक्रम में एनडीआरएफ की भी महत्वपूर्ण सहभागिता रही । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में एनडीआरएफ बटालियन के कमान्डेंट अनिल कुमार थे। उन्होने बच्चो तथा अभिभावकों को फिजिकल फिटनेस तथा समाज में बड़ते हुए अपराध को लेकर जागरूक किया।मैराथन की शुरूआत सुबह छ बजे मोनाड पब्लिक स्कूल गेट से होकर केशवगढ़ रोड होते हुए सूरजपुर, एनडीआरएफ गेट होकर स्कूल गेट पर संपन्न हुई । इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती नेहा भारद्वाज तथा विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य संजय सिंह,मनमोहन सिंह रावत,सजल डाबर, देवेन्द्र सिंह श्रीमती मीनाक्षी रावत तथा विद्यालय के सभी शिक्षक एंव शिक्षिकाएँ उपस्थित रहे।कार्यक्रम के समापन पर एनडीआरएफ तथा विद्यालय परिवार की तरफ से मैराथन में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को मैडल तथा पुरस्कार देकर उत्साहित किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि को विद्यालय परिवार की तरफ से प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया । इस दौरान सैकड़ो की संख्या में स्कूली बच्चे, स्कूली स्टाफ एवं एनडीआरएफ के जवान मौजूद रहे।







# सेवानिवृति होने पर एएनएस अनीला वर्मा को दी विदाई

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सोबन सिंह जीना बेस चिकित्सालय में 37 साल की नौकरी करने के पश्चात सेवानिवृत हुई एएनएस अनिला वर्मा को चिकित्सालय में आयोजित एक समारोह में चिकित्सा स्टॉफ द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। सभी ने एक



स्वर से अनिला वर्मा के कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने सभी स्टॉफ के साथ सहयोग करते हुए कार्य कर सबको प्रभावित किया। सभी ने अनीला वर्मा को स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान पीएमएस डा कमलेश पाण्डे, मेट्रन इंचार्ज रंजना बोहरा, दया सिजवाली, मैनेजर मिथलेश विष्ट, सिस्टर हिमांगी सहित समस्त स्टाफ ने पुष्पगुच्छ भेंट कर ढोल नगाडो के साथ विदाई दी।

# उपशिक्षा अधिकारी बनने पर राशि बुधलाकोटी को किया सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।पीसीएस परीक्षा पास कर उप शिक्षा अधिकारी पद पर चयनित हुई राशि बुधलाकोटी के निवास पर पहुंचकर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने राधा कृष्ण प्रतिमा देकर सम्मानित किया एवं शुभकामनाएं दी। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा राशि बुधलाकोटी ने शीर्ष स्थान



हासिल कर रुद्रपुर सहित पूरे उत्तराखंड को गौरवान्वित किया है। पूर्व विधायक ठुकराल ने राशि के उज्जवल भविष्य के लिये शुभकामनाएं दी । इस दौरान पी बी बुधलाकोटी,भावना बुधलाकोटी, समाजसेवी संजय ठुकराल, वीरेंद्र प्रताप सिंह रावत ,सुनील, साहिल अरोरा, ललित बिष्ट आदि उपस्थित थे

# ठेली फड़ स्वामी आयुक्त से मिले

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। ठेली फड़ वालों की समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर युवा नेता हेमन्त साहू ने कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत मुलाकात कर ठोस कार्यवाही की मांग रखी । ठेला कारोबारियों ने बताया ठंडी सड़क व डिग्री कॉलेज के पास से उनके ठेले को हटा दिया गया है। जिससे उनके सामने रोजी रोटी का संकट गहरा गया है। कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने जल्द समस्या के समाधान का भरोसा दिया। पुलिस द्वारा की गई दंडात्मक कार्रवाई पर भी कार्रवाई



का भरोसा दिया। हेमन्त साहू ने कहा जल्द से जल्द ठेला गरीबों को रोजगार मिले ताकि उनके परिवारों भुखमरी जैसी हालात न बने। मिलने वालों में भूप्पी सिंह, संपत कुमार, दिलीप कश्यप, कैलाश, चंद्रनाथ, लेखराज कश्यप, गोविन्द जोशी, दुर्गा प्रसाद कश्यप, देवेंद्र जलाल, समेत तमाम लोग थे।

